आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹117077/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹142990/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹156087/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026

अनिवार्य व निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार में इस साल से पहली कक्षा में ही प्रवेश का बना नियम

# शिक्षा के अधिकार में नए नियम ने कराई कटौती, 24 हजार सीटें घटी, सिर्फ 19 हजार सीटों पर दाखिला

देवीलाल साहू ▶▶| भिलाई

खास खबर

गरीब वर्ग के बच्चों को निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए राज्य ने आरटीई पोर्टल खोल दिया है। नए नियम इस साल वर्ष 2026-27 में लागू होने से प्रदेशभर के निजी स्कूलों में आरटीई की सीटें 65 प्रतिशत घट गई है। इस बार पिछले साल की अपेक्षा 24 हजार 707 सीटें कम कर दी गई हैं। पिछले साल प्रदेशभर में आरटीई क 44173 सीटें थी और इस साल यानी वर्ष 2026-27 में महज 19 हजार 466 सीटों पर प्रवेश दिया जा रहा है। इन सीटों में 16 फरवरी से दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी। आंकड़े बताते ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इसलिए कम हो गई सीटें

आरटीई के नए नियम में कक्षा पहली को ही अब प्रवेश क्लास बनाया गया है। इसके पहले नर्सरी, केजी वन और पहली क्लास यानी तीनों क्लास को प्रवेश क्लास बनाकर दाखिले दिए जा रहे थे। नियम के बदलाव का असर पूरे प्रदेशभर सीटों की संख्या में हुई है। किसी स्कूल में शून्य सीटें हो गई है तो किसी स्कूल में आधी ही रह गई है। प्रदेशभर के 6866 निजी स्कूलों में ही इस बार दाखिले के लिए सीटें निर्धारित हो पाई है।




### पिछले छह सालों में प्रदेश में आरटीई की सीटें

2021-22 - 53006
2022-23 - 52849
2023-24 - 50266
2024-25 - 54300
2025-26 - 44173
2026-27 - 19466

### इन उदाहरणों से समझिए सीटें कम व शून्य होने की स्थिति

दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में केजी वन की दर्ज संख्या 366 थी। इसका 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के हिसाब से प्रवेश क्लास में 91 सीटें थी। नए नियम के बाद इस साल यानी वर्ष 2026-27 में 90 सीटें घटी है। इसी तरह श्री शंकराचार्य हुडकों में वर्ष 2025-26 में नर्सरी की दर्ज संख्या 24 है। इसका 25 प्रतिशत आरटीई सीटों के हिसाब से 6 सीटों में बच्चे अध्ययनरत हैं।यहां नर्सरी की सीटें शून्य हो गई है। यहां कक्षा पहली में 24 सीटें रह ▶▶| शेष पेज 7 पर

| जिला का नाम | कुल स्कूल | आरटीई सीट (2026-27) |
|---|---|---|
| रायपुर | 828 | 3092 |
| बिलासपुर | 574 | 2068 |
| दुर्ग | 526 | 1372 |
| जांजगीर चांपा | 464 | 692 |
| कोरबा | 302 | 627 |
| बलौदा बाजार-भाटापारा | 239 | 540 |
| कवर्धा | 212 | 422 |
| राजनांदगांव | 190 | 551 |
| मुंगेली | 226 | 920 |
| सारंगढ-बिलाईगढ़ | 174 | 316 |
| रायगढ़ | 247 | 711 |
| धमतरी | 214 | 450 |
| महासमुंद | 227 | 355 |
| सक्ती | 243 | 467 |
| सुरजपुर | 367 | 667 |
| सरगुजा | 221 | 455 |
| बेमेतरा | 175 | 449 |
| बालोद | 171 | 450 |
| बलरामपुर | 188 | 1489 |
| खैरागढ़-छुईखदान-गंडई | -81 | 267 |
| जशपुर | 187 | 810 |
| बस्तर | 95 | 141 |
| गरियाबंद | 76 | 244 |
| कांकेर | 156 | 624 |
| मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर | -105 | 210 |
| कोरिया | 97 | 209 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 75 | 431 |
| कोंडागांव | 87 | 162 |
| बीजापुर | 35 | 31 |
| मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी | -38 | 128 |
| नारायणपुर | 13 | 40 |
| दन्तेवाड़ा | 15 | 47 |
| सुकमा | 19 | 29 |

कुल स्कूल 6866, कुल आरटीई की सीटें 19466
नोट- छत्तीसगढ़ आरटीई पोर्टल में 11 फरवरी 2026 शाम 5 बजे तक दर्ज रिपोर्ट के अनुसार

## सड़कों पर उतरे देशभर के करीब 30 करोड़ मजदूर, बिलासपुर के कोयला क्षेत्र में दिखा असर

# इधर, ट्रेड यूनियन की हड़ताल, उधर संसद में कानून पास, छग की खदानों पर असर

*केरल में व्यापक असर, हरियाणा में बैंक, बिजली, पानी सेवाएं प्रभावित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/रायपुर/बिलासपुर

छत्तीसगढ़, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, गोवा, झारखंड, मध्य प्रदेश और पंजाब सहित कई राज्यों में हड़ताल का मिला-जुला असर देखने को मिला। छत्तीसगढ़ के कोयला क्षेत्र में हड़ताल का व्यापक असर देखा गया। कोरबा में सुबह 5 बजे से ही यूनियन नेताओं की गहमागहमी खदानों के आसपास शुरु हो गई थी और अधिकांश कामगार सुबह होते ही हड़ताल में शामिल हो गए। इससे कोयला खदानों में कामगारों के नहीं पहुंचने पर उत्पादन प्रभावित हुआ। हड़ताल को कांग्रेस के द्वारा समर्थन दिए जाने से उसके कार्यकर्ता खदानों में सक्रिय देखे गए। राजधानी रायपुर के एलआईसी दफ्तर समेत कुछ स्थानों पर हड़ताल का असर दिखा। 12 घंटे के राष्ट्रव्यापी ▶▶| शेष पेज 7 पर

श्रम कानून के विरोध में गुरुवार को ट्रेड यूनियनों की हड़ताल रही। देशव्यापी हड़ताल का सामान्य जनजीवन पर ज्यादा असर दिखाई नहीं दिया, लेकिन छत्तीसगढ़ के कोयला क्षेत्र में असर दिखाई दिया। इस बीच, संसद के दोनों सदनों में औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026' को पारित हो गया।

### क्या हैं प्रमुख मांगें

- चार श्रम संहिताओं एवं नियमों को रद्द करना
- बीज विधेयक और विद्युत संशोधन विधेयक
- सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (शांति) अधिनियम को वापस लेना
- श्रम संघ मनरेगा की बहाली और विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को रद्द करने

### किसान संगठनों और ट्रेड यूनियनों ने दिखाई ताकत



### समर्थन में राहुल, विरोध में थरूर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भी इस बंद को समर्थन प्राप्त था, लेकिन वहीं कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इसका विरोध किया। शशि थरूर ने एक्स पर लिखा, यह एक दुख की बात है कि आज का भारत बंद असल में सिर्फ एक और केरल बंद है। जहां बाकी भारत ऐसे जबरदस्ती के विरोध से आगे बढ़ चुका है, वहीं केरल आज भी खास तौर पर अल्पसंख्यकों के असंगठित बहुमत पर इस संगठित अत्याचार का बंधक बना हुआ है। कांग्रेस सांसद ने कहा, जब से मैं राजनीति में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### श्रमिक संगठन सक्रिय रहे

कोरबा सहित अन्य जिलों में स्थित एसईसीएल की कोयला खदानों और वर्कशॉप में सुबह 5 बजे की पाली में इंटक सहित अन्य श्रमिक संगठन सक्रिय हो और गए और कर्मचारियों से हड़ताल के लिए समर्थन मांगा। इस पाली में अधिकांश श्रमिक अनुपस्थित रहे वहीं ड्यूटी के लिए जो भी कर्मचारी पहुंचे उनमें से आधे लौट गए। एसईसीएल में साउथ ईस्टर्न कोयला मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रमुख गोपाल नारायण ने बताया कि कोलफील्ड ▶▶| शेष पेज 7 पर

### संसद में श्रम कानून पारित, सरकार ने कहा- न्यूनतम वेतन की गारंटी

*लोकसभा और राज्यसभा ने गुरुवार को 'औद्योगिक संबंध संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026' को पारित कर दिया। सरकार ने संहिता के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की गारंटी देती है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा, इस श्रम संहिता में हमने सुनिश्चित किया है कि संवैधानिक सुरक्षा मानकों के साथ न्यूनतम वेतन मानक तय करेंगे। देश में महिलाओं और पुरुषों को समान वेतन पाने का अधिकार होगा। मंत्री ने कहा कि औद्योगिक संबंध संहिता तो 2020 में ही पारित हो चुकी है और ढाई महीने पहले लागू भी हो चुकी है, लेकिन अधिकतर सदस्यों ने चर्चा में संहिता की ही बात की है और इसे कामगार विरोधी बताया है। मांडविया ने कहा, ''हम तो एक छोटा सा संशोधन लाए हैं।*

## पुलिस, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

# बैन धुआं-धुआं, 170 बोरी गुटखा, 300 बोरी तंबाकू जब्त

*रायपुर में बड़ी कार्रवाई*

*गुटखा असली या नकली इसकी जांच की जा रही*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर के एक यार्ड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 170 बोरा सितार गुटखा तथा 300 बोरी तंबाकू जब्त किया है। तंबाकू तथा गुटखा किसी अनूप नागरिया नाम के व्यक्ति का होना बताया जा रहा है। पुलिस ने गुटखा जब्ती की कार्रवाई बुधवार देर रात की है। गुटखा के मालिक के खिलाफ पुलिस मामले की पड़ताल के बाद अपराध दर्ज करने की बात कह रही है।

रायपुर नार्थ के डीसीपी मयंक गुर्जर के निर्देश पर जिस यार्ड में गुटखा तथा तंबाकू की जब्ती की गई है, उस यार्ड का मालिक अनूप नागरिया ही है। एडीसीपी नार्थ आकाश मरकाम के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारा। गुटखा जब्ती करने के बाद सैंपल जांच के लिए पुलिस ने घटना दिनांक को ही खाद्य एवं औषधीय ▶▶| शेष पेज 7 पर



### प्रतिबंध के बाद बिक रहा प्रतिबंधित गुटखा

तंबाकू मिश्रित गुटखा बेचे जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने एक दशक पूर्व रोक लगाई है। बावजूद इसके कई गुटखा बनाने वाली कंपनियां तंबाकू मिश्रित गुटखा तैयार कर बेच रही हैं। अवैध रूप से गुटखा बनाने वाली कंपनियां सादा पान मसाला, मीठी सुपारी बनाने के नाम पर अवैध तरीके से गुटखा तैयार कर बेच रही हैं।

### कीमत बढ़ने पर ब्लैक में बेचने स्टोर किया था

केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में तंबाकू उत्पाद समान पर टैक्स बढ़ा दिया है। टैक्स बढ़ने के बाद गुटखा की कीमतों में इजाफा होने की संभावना को देखते हुए कारोबारी द्वारा बड़े पैमाने पर गुटखा तथा तंबाकू स्टोरेज किए जाने की जानकारी सूत्रों ने दी है। जिस कंपनी का गुटखा पुलिस ने जब्त किया है, इसके पूर्व जीएसटी, खाद्य एवं औषधीय प्रशासन विभाग छापे की कार्रवाई कर चुका है।

### गुटखा के नाम पर खतरनाक रसायन परोस रहे

ज्यादातर कंपनी गुटखा के नाम पर खतरनाक रसायन लोगों तक परोस रही हैं। तंबाकू युक्त गुटखा में निकोटीन, बुझा हुआ चूना, पैराफिन तथा अन्य खतरनाक रसायनों का मिश्रण रहता है। इसके साथ ही गुटखा तथा सस्ते पान मसाला में कत्थे की जगह गैम्बियर, सस्ते स्टार्च, मिट्टी, कृत्रिम रंग और बबूल का गोंद मिलाकर सिंथेटिक कत्था तैयार कर मिलाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### मोदी सेवा तीर्थ का आज करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री कार्यालय की नयी इमारत सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन 1 और 2 का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। यह उद्घाटन भारत की प्रशासनिक शासन संरचना में मील का पत्थर है। यह आधुनिक, कुशल, सुलभ एवं जन-केंद्रित शासन प्रणाली के निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### चार सरकारी अफसरों के परिसरों पर छापा मारा

**बेंगलुरु।** लोकायुक्त के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक में चार सरकारी अधिकारियों से जुड़े कई परिसरों पर एकसाथ छापेमारी की। लोकायुक्त के अनुसार, कथित अनियमितताओं की जांच के तहत बेंगलुरु, दावणगेरे और धारवाड़ स्थित इन अधिकारियों की संपत्ति की तलाशी ली गई। अधिकारियों की जांच की जा रही है।

### डबल डेकर बस पलटी 40 यात्री घायल

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बृहस्पतिवार सुबह दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गई, जिसमें 40 यात्री घायल हो गए। घायलों को सौरिख के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तिर्वा के राजकीय मेडिकल कालेज, छिबरामऊ के एक अस्पताल और इटावा के सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# अफसरों को मंगल और बुधवार को दफ्तर में हाजिर रहना अनिवार्य

### गुरु और शुक्र को कर सकेंगे फील्ड में भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में सुधार के इरादे से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सरकार ने तय किया है कि अब मंगलवार और बुधवार को सभी राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारी अनिवार्य रूप से मुख्यालय, कार्यालय में हाजिर रहेंगे। केवल विशेष परिस्थिति में ही इस टाइम टेबल से छूट मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश से सर्व संबंधितों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए कहा गया है। इसमे शासन के समस्त विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, छत्तीसगढ़, बिलासपुर, प्रमुख सचिव, मान. मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर, अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर, सचिव, राज्यपाल ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अब लागू हुआ ये निर्देश

सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिया है कि कार्यालयीन उपस्थिति (मंगलवार से बुधवार): राज्य के समस्त राजपत्रित एवं अराजपत्रित अधिकारी मंगलवार एवं बुधवार एवं बुधवार को अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय/कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। इस अवधि में कार्यालयीन नस्तियों ( फाइलों) का निराकरण, विभागीय समीक्षा एवं आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

### गुरुवार-शुक्रवार को करेंगे ये काम

निर्देश में कहा गया है कि अधिकारियों का दौरा कार्यक्रम गुरुवार एवं शुक्रवार को रहेगा, इस दिन क्षेत्रीय निरीक्षण, निरीक्षण और अन्य बाहरी कार्यों के लिए केवल गुरुवार एवं शुक्रवार का दिन निर्धारित किया जाता है। अधिकारी अपने क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम इसी अवधि में नियोजित करेंगे।

### इसलिए जारी हुआ ये आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में जारी आदेश में कहा है कि राज्य शासन के संज्ञान में आया है कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण एवं दौरों के कारण कार्यालयीन कार्य तथा आम जनता से भेंट के समय में अनियमितता हो रही है। इसलिए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने एवं जनहित को सर्वोपरि रखते हुए ये निर्देश जारी किए गए हैं।

# गंगालूर और केशकुतुल आवासीय विद्यालय के अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




जिला प्रशासन ने संस्थावार नियुक्त नोडल अधिकारियों के प्रतिवेदन के आधार पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि होने पर 7 अधीक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा अंतर्गत गठित समिति ने जांच के दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक एवं बालिका आवासीय विद्यालयों भटवाड़ा, संगमपल्ली, माटवाड़ा, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

*संयुक्त संचालक ने 4 अधीक्षकों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की है, जबकि एक अधीक्षक पूर्व से ही निलंबित बताया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्र हितों से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।*

# हाइवा-बस की आमने-सामने भिड़ंत, दर्जनों यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

बगीचा-कुसमी मुख्य मार्ग पर रौनी घाटी में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार हाइवा और सवारी बस के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रौनी घाटी में भीषण सड़क हादसा



### डॉक्टर और नर्सों को किया गया अलर्ट

घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया जा रहा है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किए जाने की तैयारी है। अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है।

### पिकअप का कहर दो मजदूरों की मौत

*जशपुरनगर। सुबह की सैर पर निकले दो मजदूरों के लिए गुरुवार की सुबह जिंदगी की आखिरी सुबह साबित हुई। तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। घटना से गम्हरिया और आसपास के गांवों में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार गम्हरिया में मिस्त्री का काम करने वाले अबदोन लकड़ा उम्र 50 वर्ष और* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## भाजपा सांसद निशिकांत ने सदन में पेश किया एक प्रस्ताव

# ...तो रद्द होगी राहुल की सदस्यता, चुनाव लड़ने पर भी लगेगी रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ती तनातनी गुरुवार को अपने चरम पर जा पहुंची। बीते दिनों विपक्ष द्वारा अपनी आवाज को सदन में दबाए जाने के आरोप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था। तो वहीं, अब इसी क्रम में सत्ता पक्ष से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द करने और उनके आजीवन चुनाव लड़ने पर रोक लगाने के लिए



'सब्सटेंटिव मोशन' नामक एक प्रस्ताव पेश किया है। सदन में इस बाबत शाम के वक्त अपनी बात रखते हुए उन्होंने विपक्ष के नेता पर जोरदार अंदाज में हमला बोला। जिसमें कहा कि विपक्ष के नेता का पूरा व्यवहार 'अर्बन नक्सल' जैसा है। वो लगातार अपने बयानों, भाषणों के ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं

भाजपा सांसद ने यह भी साफ किया कि नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ सरकार की तरफ से फिलहाल विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की योजना नहीं है। लेकिन मेरा यह प्रस्ताव एक स्वतंत्र प्रस्ताव है, जिसमें मैंने उनकी संसद सदस्यता खत्म करने की मांग की है। वहीं, सूत्रों ने भी ये पुष्टि की है कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव नहीं लाएगी। क्योंकि उन्होंने अपने बजट भाषण में सरकार के विरूद्ध लगाए गए आरोपों को सदन में प्रमाणित नहीं किया है।

### कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में बनी रणनीति



संसद के लोकसभा बजट सत्र के बीच कांग्रेस संसदीय दल के लोकसभा सांसदों की अहम बैठक आज संसद हाउस ऐनेक्स, एक्सटेंशन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने की। बैठक का उद्देश्य शेष बजट सत्र के दौरान विपक्ष की रणनीति तैयार करना तथा संसद में चल रहे राजनीतिक गतिरोध का सामना करना है। बैठक में शामिल सांसदों ने सरकार के खिलाफ एकजुट मोर्चा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राहुल बोले-जारी रहेगा संघर्ष

*बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि कांग्रेस संसदीय दल लोकतंत्र के मूल्यों को बचाने के लिए लगातार संघर्ष करेगा और विपक्ष की भूमिका को संविधान एवं संसदीय परंपरा के अनुसार मजबूती से आगे बढ़ाएगा। आगे के दिनों में पार्टी संसद के भीतर विपक्ष की रणनीति को और तीव्र करेगी* ▶▶| शेष पेज 7 पर

## मंत्री केदार कश्यप ने पेश किया रिपोर्ट कार्ड, कहा- बाघों की संख्या हुई दोगुनी

# छत्तीसगढ़ में 683 वर्ग किमी बढ़ा जंगल 450 गांवों तक पहली बार पहुंची बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मंत्री केदार कश्यप ने सरकार के दो साल पूरे होने पर अपने विभाग की दो सालों की उपलब्धियां गिनाई हैं। साथ ही आगामी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा की। कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा, दो वर्षों में हर विभाग ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ़ सघन वनों में 70 प्रतिशत का विस्तार हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण संस्थान द्वारा दिसंबर 2024 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ के वन एवं वृक्ष आवरण में लगभग 683 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 44 प्रतिशत भाग वन क्षेत्र है। अत्यंत सघन वनों में 348 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज होना वनों की गुणवत्ता और पारिस्थितिक संतुलन में सुधार का प्रमाण है।

**सड़क सुरक्षा के लिए एएनपीआर कैमरों से 135 करोड़ का चालान**

संवाददाताओं से चर्चा करते हुए वन मंत्री ने कहा, राज्य में वन संरक्षण, हरित आवरण विस्तार, वन्यजीव संवर्धन, इको-टूरिज्म विकास तथा वनवासियों की आजीविका सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। राज्य सरकार वन संरक्षण के साथ सतत विकास, जैव विविधता संरक्षण और वनवासियों की आजीविका सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने वनों के संरक्षण के साथ साथ विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। परिवहन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत 69 चयनित मार्गों में 69 बसों का संचालन किया जा रहा है, इससे 450 नए गांवों तक पहली बार यात्री बस सुविधा पहुंच रही है।



### बाघों की संख्या में वृद्धि

मंत्री केदार कश्यप ने कहा, राज्य में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्ष 2022 की गणना अनुसार प्रदेश में 17 बाघ थे आज 35 बाघ प्रदेश के वनों में विचरण कर रहे हैं। राज्य में बाघ संरक्षण के लिए गुरू घासी दास- तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन किया गया है। बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए अन्य टाइगर रिजर्व से बाघों के स्थानांतरण की अनुमति भी प्राप्त हुई है। प्रदेश में मानव हाथी द्वंद्व को रोकने के लिए मिनिटिंग एप्प गज संकेत बनाया गया है, जिसके माध्यम से एलिफेंट ट्रेकिंग की जानकारी एसएमएस के माध्यम से ग्रामीणों को तत्काल उपलब्ध कराई जा रही है।

### वनभैंसा और पहाड़ी मैना संरक्षण

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा, राजकीय पशु वनभैंसा के संरक्षण के लिए विशेष योजना तैयार की जा रही है। इन्द्रावती टाइगर रिजर्व में 14 से 17 वनभैंसे देखे गए हैं। राज्य पक्षी पहाड़ी मैना के संरक्षण के लिए स्थानीय युवाओं को 'मैना मित्र' के रूप में जोड़ा गया है, जिसके परिणामस्वरूप अब लगभग 600 से 700 पहाड़ी मैना देखे जा रहे हैं।

### सबसे बड़ा समुद्रीय जीवाश्म पार्क

वन मंत्री ने बताया कि मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिला का मरीन फ्रासिल पार्क एशिया महाद्वीप का सबसे बड़ा समुद्रीय जीवाश्म पार्क है। यह जीवाश्म हसदेव नदी के किनारे लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां 29 करोड़ वर्ष पूर्व के जीवाश्म मिले हैं। देश में ऐसे 4 जगह समुद्रीय जीवाश्म मिले हैं। उन्होंने बताया कि गिधवा-परसदा में बर्ड इंटरप्रिटेशन सेंटर और बर्ड सफारी का शुभारंभ किया गया है।

### रायपुर को सड़क दुर्घटना में शून्य मृत्यु वाला जिला बनाने की दिशा में कार्य

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में करीब 15 हजार सड़क दुर्घटनाएं हुई इसमें 6,700 लोगों की मौत हुई है। रायपुर जिले को सड़क दुर्घटना में शून्य मृत्यु वाला जिला बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक 37 एएनपीआर कैमरे लीकेज मार्ग में एवं 47 एएनपीआर कैमरे चेकपोस्ट और अन्य स्थानों में लगाए गए है। मई 2023 से जनवरी 2026 तक 3 लाख 2 हजार वाहनों पर कुल 135 करोड़ का चालान किया गया, जिसमें से अब तक करीब 41.58 करोड़ का चालान जमा किया जा चुका है।

# मुठभेड़ में मारे गए कई नक्सली लीडरों की याद में बनाए गए स्मॉरक जमीदोंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वर्ष 2025 में मुठभेड़ में मारे गए करोड़ों के ईनामी वसवराजू, चलपति समेत अन्य शीर्ष नक्सलियों की याद में बनाए गए स्मॉरकों को सुरक्षाबलों ने सर्चिंग एवं एरिया डॉमिनेशन के दौरान नेस्तानाबूद कर दिया है। इन स्मॉरकों में कई शीर्ष नक्सलियों के स्मॉरक भी शामिल है जिनकी याद में जंगल व मैदानी क्षेत्रों में बनाया गया था।

- करोड़ों के ईनामी पोलित ब्यूरो मेंबर बसव राजू की याद में बनाए गए स्मॉरक को ढहाया

गुरुवार को कुटरू थाना क्षेत्र से कोबरा 210 बटालियन के जाबांजो द्वारा माओवादी विरोधी अभियान के दौरान माड़ क्षेत्र में इन्द्रावती नदी के किनारे वर्ष 2025 में मारे गए कुख्यात माओवादी लीडर पोलित ब्यूरो मेंबर बसवराजू, चलपति व अन्य की स्मृति में माओवादियों द्वारा निर्मित स्मारक को सुरक्षा बलों द्वारा चिन्हित कर पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया। वहीं बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र से सीआरपीएफ 222 बटालियन की टीम द्वारा तोड़का-कोरचोली एवं पेद्दाकोरमा के घने जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा बनाए गए स्मारकों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया।



### क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों के लिए जगह नहीं

यह कार्रवाई माओवादी संगठन की हिंसक विचारधारा, मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं जनविरोधी प्रचार को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों, प्रतीकों एवं अवैध संरचनाओं के लिए कोई स्थान नहीं है।

## आटो व ट्रक की भिड़ंत में आटो एक सवार की मौत

**कवर्धा।** जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में गुरूवार की दोपहर एक ट्रक और आटो की सीधी भिड़ंत में आटो सवार एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं ट्रक को जप्त कर लिया है। बताया जाता है कि गुरूवार की दोपहर ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 7349 जबलपुर की ओर से चिल्फी की ओर आ रहा था इसी दौरान ट्रक चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे आटो को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में आटो सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे तत्काल बोड़ला सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गया।

## कीटनाशक दवा पीने से युवक की मौत

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार इन्द्रजीत नागवंशी पिता हृदयराम ग्राम पंढरीपानी थाना चारामा निवासी किसानी का काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान बुधवार की दोपहर युवक की मौत हो गई।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर साढ़े 8 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके कब्जे से 12 अलग अलग बैंकों का चेक बुक व नकदी बरामद किया है। मामला चांपा थाना का है।

जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के ग्राम अखराभांठा निवासी प्रार्थी भूधर प्रसाद देवांगन उम्र 38 वर्ष ने थाना चांपा में 30 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई कि यह एकाउंटेंट का काम करता है। उसकी जान पहचान कलकत्ता निवासी विश्वजीत देबनाथ से सन 2021 मे चाम्पा मे मेदी लाल देवांगन के माध्यम से हुआ थी। उसने भूधर को विश्वजीत देबनाथ शेयर मार्केट मे पैसा लगा कर ज्यादा कमाई होने का प्रलोभन दिया और साथ ही बोला कि जितना पैसा लगाओगे, उस पर पांच प्रतिशत ब्याज प्रति महीना और साथ ही उसके द्वारा बोला गया। प्रलोभन एवं झांसे में आकर प्रार्थी एवं अन्य लोगों के द्वारा राशि 8 करोड़ 45 लाख रूपये नकद, आरटीजीएस, एनईएफटी एवं चेक के माध्यम से निवेश किया। कुछ लोगों को 8 माह एवं कुछ लोगों को एक दो माह पांच प्रतिशत ब्याज के रूप मे दिया था।

- चांपा थाने का मामला, 12 अलग-अलग बैंकों का चेक जब्त

## कार्रवाई के दौरान डेढ़ टन कोयला, 19 बाइक, 13 साइकिल जब्त

# अमेरा खदान में सरगुजा पुलिस की दबिश, 21 कोयला चोर पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/लखनपुर

**खबर का असर**


अमेरा कोयला खदान में चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद एसईसीएल की शिकायत पर पुलिस ने खदान क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने कोयला चोरी में लगे 21 लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से डेढ़ टन अवैध कोयला, 13 साइकिल, 19 बाइक समेत 6 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस ने कोयला चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



लखनपुर थाना क्षेत्र में संचालित अमेरा कोयला खदान में आस पास से ग्रामीणों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर कोयला की चोरी की जा रही थी। 200 से अधिक बाइक लेकर चोर गिरोह में खदान परिसर में प्रवेश करते थे और दबंगई दिखाते हुए कोयला की चोरी करते थे। बड़ी बात यह है कि यदि खदान परिसर में मौजूद कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोयला चोरी से रोकने पर कोयला चोर गाली गलौज और मारपीट पर उतर आते थे। कोयला चोरी करने वाले ग्रामीणों द्वारा गिरोह बनाकर परिसर में प्रवेश करने के कारण एसईसीएल प्रबंधन भी बेबस हो गया था। इस चोरी से प्रबंधन को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था।

### पकड़े गए आरोपी

कोयला चोरी के खिलाफ एसडीओपी ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, थाना प्रभारी लखनपुर संपत पोटाई के नेतृत्व में पुलिस बल कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने लखनपुर थाना अंतर्गत लटोरी निवासी 31 वर्षीय पन्डरू राजवाड़े आ. खेलसाय, जोधपुर निवासी 30 वर्षीय धनेश्वर राजवाडे आ. राजदेव, 45 वर्षीय सपुरन आ.रामदेव, 35 वर्षीय भीन्गल राम आ. धरमसाय राजवाड़े, 22 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद आ. जय प्रकाश, गणेशपुर निवासी 45 वर्षीय रामदेव आ. देवरतन, रजपुरी निवासी 40 वर्षीय अनीष राजवाड़े आ. जयराम राजवाड़े, बिनकरा निवासी 45 वर्षीय सोनसाय आ. रमेश्वर, जयपुर में 38 वर्षीय रजन प्रसाद उर्फ जगेश्वर आ. बंधन राम, गांधीनगर सुखरी निवासी 30 वर्षीय सुखसाय आ. रामनंदन, 36 वर्षीय चमरू आ. रघुवीर आदि को गिरफ्तार किया गया।





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# गर्मियों की छुट्टी से पहले यात्रियों को पसीना... अप्रैल में दिल्ली, मुंबई जाना मुश्किल, शालीमार, समता समेत गोंडवाना, छत्तीसगढ़ 20 दिन नहीं चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

गर्मी की छुट्टियों और शादियों का सीजन शुरू होने से पहले रेलवे ने दिल्ली, मुंबई और पंजाब जाने की योजना बनाने वाले यात्रियों को ट्रेन रद्द कर बड़ा झटका दे दिया है। अप्रैल में 5 से 24 तक 20 दिनों के लिए छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोडवाना, समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस ट्रेन एक साथ रद्द रहने वाली है। बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-05 (प्लेटफॉर्म-3) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को डिस्मेंटलिंग कर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने के लिए कार्य किया जाएगा, जिसके लिए गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-05 (अप मेन लाइन) पर 20 दिनों तक यातायात आवागमन बंद रहेगा। यह कार्य 5 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ▶▶|शेष पेज 7 पर

- अप्रैल में 14 ट्रेन रहेगी रद्द, नागपुर मंडल में गोंदिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म में ट्रैक रूपांतरण का किया जाएगा काम
- एलटीटी एक्सप्रेस, गोड़वाना, ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस समेत दर्जन ट्रेनों के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल महीने में होंगे परेशान

### लाखों यात्री अप्रैल में होंगे परेशान

रेलवे ने जिन ट्रेनों को रद्द करने का फैसला लिया है, वह सभी लंबी दूरी की ट्रेन है। इसमें हर समय यात्रियों की भीड़ रहती है। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोड़वाना, समेत ज्ञानेश्वरी , समता एक्सप्रेस के रद्द होने से लाखों यात्री अप्रैल महीने में परेशान होंगे। यह सभी ट्रेन दिल्ली, मुंबई, भोपाल, मथूरा समेत भोपाल व विशाखापट्टनम जाने वाली प्रमुख ट्रेन है। यह ट्रेन कम समय में दूरी तय करती है। इस वजह से यह ट्रेन यात्रियों की हर समय पसंदीदा रहती है। गर्मियों की छुट्टी और शादियों के सीजन के बीच ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान होंगे।

### यह ट्रेन रहेगी रद्द

- 4 अप्रैल से 24 तक 18030 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 6 अप्रैल से 26 तक 18029 शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 5 अप्रैल से 25 तक 18237 कोरबा-छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 7 अप्रैल से 27 तक 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 12410 हज़रत निजामुद्दीन से गोडवारा एक्सप्रेस अप्रैल में 02, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 व 22 को रद्द रहेगी।
- 12409 रायगढ़ से गोडवारा एक्सप्रेस अप्रैल में 04, 06, 08, 09, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 व 24 .को रद्द रहेगी।
- 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनल से अप्रैल में 04, 06, 07, 10, 11, 13, 14, 17, 18, 20, व 21 को रद्द रहेगी।
- 12102 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस शालीमार से अप्रैल में 06, 08, 09, 12, 13, 15, 16, 19, 20, 22, व 23 को रद्द रहेगी।
- 12807 समता एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से अप्रैल में05, 07, 08, 09, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 व 23 को रद्द रहेगी।
- 2808 समता एक्सप्रेस, हज़रत निजामुद्दीन से अप्रैल में 07, 09, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24 व 25 को रद्द रहेगी।
- 68815 (बल्लारशाह-गोंदिया) मेमू पैसेंजर, बल्लारशाह से अप्रैल में 5 से 25 तक रद्द रहेगी।

## खबर संक्षेप

### प्रसन्न आईसीएआई के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की शीर्ष संस्था आईसीएआई ने गुरुवार को 2026-27 सत्र के लिए प्रसन्न कुमार डी को अपना नया अध्यक्ष निर्वाचित किया।



26वीं परिषद की बैठक में कुमार को अगला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा मंगेश पांडुरंग किनारे को नया उपाध्यक्ष चुना गया है। कुमार इससे पहले आईसीएआई के उपाध्यक्ष थे।

### इंटेल पर लगाया 27.38 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने डेस्कटॉप कंप्यूटर के लिए 'बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर' के संबंध में भारत के लिए एक अलग वारंटी नीति अपनाने को लेकर अमेरिकी कंपनी इंटेल कॉर्प पर 27.38 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंटेल अमेरिका की एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय सेमीकंडक्टर कंपनी है, जो कंप्यूटर प्रोसेसर और चिप विनिर्माण के लिए जानी जाती है। आयोग ने कहा कि इंटेल ने भारत में बॉक्स्ड माइक्रो प्रोसेसर के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग किया है।

### चारू गुप्ता को मिलेगा 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** शिक्षाविद् और लेखिका चारू गुप्ता को उनकी पुस्तक ''हिंदी हिंदू हिस्ट्रीज' के लिए प्रतिष्ठित 'आनंद केंटिश कुमारस्वामी पुस्तक पुरस्कार' (दक्षिण एशिया) से सम्मानित करने की घोषणा की गई है।



कला इतिहासकार और सांस्कृतिक विचारक आनंद के. कुमारस्वामी के नाम पर स्थापित यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, दक्षिण एशियाई अध्ययन में विद्वतापूर्ण कार्य करने वाले उन लेखकों को दिया जाता है जिनकी रचना संपूर्ण विषय क्षेत्र की समझ को परिभाषित या पुनर्परिभाषित करती है।

### 3.5 करोड़ की मॉर्फीन के साथ दो गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम के सैतुअल जिले में 3.5 करोड़ रुपए मूल्य की मॉर्फीन के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एक गुप्त सूचना के आधार पर उसके जवानों ने मणिपुर सीमा के निकट नगोपा गांव में जांच चौकी पर एक वाहन को रोका तथा उसकी तलाशी लेने पर 3.51 किलोग्राम मॉर्फीन बरामद की गई। मॉर्फीन की तस्करी कर रहे दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला का निधन

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन की पूर्व समाचार वाचिका सरला माहेश्वरी का यहां निधन हो गया। माहेश्वरी 71 वर्ष की थीं और 1980 और



1990 के दशक में टीवी समाचार जगत के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक थीं। उन्होंने 1976 से 2005 तक दूरदर्शन पर समाचार वाचिका के रूप में कार्य किया था। माहेश्वरी उस दौर में दूरदर्शन की जानी-मानी समाचार वाचिका थीं।

### रहमान की 17 साल बाद धमाकेदार वापसी, जीती दोनों सीटें

# बांग्लादेश में तारिक की सुनामी बीएनपी ने जमात को पीछे छोड़ा

*बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव हुए। मतदान के बाद देर रात तक मतगणना जारी रही। 299 सीटों पर हुए चुनाव में रात एक बजे तक बीएनपी ने 175 सीटों पर जीत के करीब। बहुमत के लिए 150 सीटें जरूरी हैं। बीएनपी चीफ तारिक रहमान दोनों सीटों से जीत गए हैं। वहीं जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 पार्टियों के गठबंधन को रात एक बजे तक सिर्फ 38 सीटें मिली। इस बीच, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शांतिपूर्ण चुनाव पर खुशी जताई। जमात-ए-इस्लामी ने धांधली का आरोप लगाते हुए पुनः मतदान की मांग की।*

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) गुरुवार को हुए महत्वपूर्ण आम चुनाव में जमात-ए-इस्लामी पर बढ़त बनाए हुए प्रतीत हो रही है। नयी सरकार अंतरिम प्रशासन की जगह लेगी, जिसने अगस्त 2024 में अवामी लीग शासन के सत्ता से बेदखल होने के बाद कार्यभार संभाला था। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि शुरुआती नतीजों में बीएनपी को बढ़त मिली है। उसके उम्मीदवार रात 1.30 बजे तक 175 से अधिक सीटों पर जीत/आगे थी, जबकि जमात के उम्मीदवार 38 सीटों पर आगे हैं। संवैधानिक सुधारों पर जनमत संग्रह के साथ मतदान शाम 4.30 बजे समाप्त हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, अपराह्न दो बजे तक 48 प्रतिशत मतदान हुआ। गैर आधिकारिक परिणामों में, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा कि बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के ▶▶|शेष पेज 7 पर

- जमात ए इस्लामी ने लगाया धांधली का आरोप




प्रधानमंत्री पद के दावेदार तारिक रहमान ने दो महत्वपूर्ण सीटों ढाका-17 और बोगरा-6 से अनौपचारिक रूप से जीत दर्ज कर ली है। बीएनपी मीडिया सेल के सदस्य शायरुल कबीर खान ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि तारीक रहमान ने दोनों सीटों पर जीत दर्ज की है। तारिक रहमान की यह जीत बांग्लादेश की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत मानी जा रही है, खासकर ऐसे समय में जब पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग चुनाव मैदान से बाहर है।

### 80.11 प्रतिशत हुआ मतदान

निर्वाचन आयोग ने जानकारी दी है कि पंजीकृत मतदाताओं में से 80.11 प्रतिशत मतदाताओं ने डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। आयोग के अनुसार, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान में बड़ी संख्या में मतदाताओं की भागीदारी देखने को मिली है, जिसे चुनाव प्रक्रिया में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि डाक मतपत्रों की गिनती चुनाव परिणामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

### चुनाव के दौरान 9 की गई जान

बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के मतदान के दौरान हिंसा और अफरा-तफरी के बीच कम से कम नौ लोगों की मौत होने की खबर सामने आई है। मृतकों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के एक नेता, एक प्रीसाइडिंग ऑफिसर और एक पोलिंग ऑफिसर शामिल हैं। ये मौतें देश के अलग-अलग हिस्सों में मतदान के दिन हुईं। कुछ लोगों की तबीयत मतदान केंद्रों पर अचानक बिगड़ गई, कुछ मतदान करने के बाद घर लौटते समय गिर पड़े, जबकि कुछ मतदान ड्यूटी निभाते समय अपनी जान गंवा बैठे। इन घटनाओं को लेकर कई जगह आरोप-प्रत्यारोप भी सामने आए हैं।

### शेख हसीना ने चुनाव को बताया गैरकानूनी



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में 13वें संसदीय चुनाव के बीच अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे फर्जी, अवैध और असंवैधानिक करार दिया है। शेख हसीना ने चुनाव के बहिष्कार के लिए देश की जनता, खासकर महिलाओं, अल्पसंख्यक समुदायों और समर्थकों का आभार जताया और अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने के आरोप लगाए।

### कल आएंगे नतीजे

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में 85 फीसदी वोटिंग!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव गुरुवार को भारी गहमागहमी के बीच हुआ और वोटिंग दौरान हाईकोर्ट अधिवक्ताओं की लंबी लाइन लगी रही। हाईकोर्ट बार रूम में 20 बूथ बनाए गए थे, जिसमें आखिरी समय तक कुल 1213 वोट पड़े। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में कुल 1418 अधिवक्ता वोटर हैं। इस तरह से बार एसोसिएशन चुनाव में 85. 54 फीसदी वोटिंग हुई है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव के लिए आज सुबह से ही हाईकोर्ट परिसर में गहमागहमी बनी रही और सुबह 11 बजे से वोटिंग चालू हुई जो शाम 5 बजे तक चली। बार एसोसिएशन चुनाव के लिए बार रूम में अलग-अलग 20 बूथ बनाए गए थे, जहां अधिवक्ताओं ने मतदान ▶▶|शेष पेज 7 पर

### अध्यक्ष सहित 17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार मैदान में

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव में कल 17 पदों के लिए आज वोटिंग हुई है, जिनके लिए 61 उम्मीदवार मैदान में हैं। इसमें हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद के लिए सीनियर अधिवक्ता राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कमार तिवारी, अब्दल वहाब खान व रजनीश सिंह बघेल 7 दावेदारों के बीच मुकाबला है। उपाध्यक्ष पद वरिष्ठ के लिए 6 उम्मीदवार दीपक कुमार जैन, भरतलाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्रनाथ दुबे और शशिकांत सोनकर तथा महिलाओं में 4 ▶▶|शेष पेज 7 पर

### लॉ के स्टूडेंटस ने संभाली व्यवस्था

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी अनूप मजूमदार चनाव दौरान सक्रिय रहे। बार एसोसिएशन का चनाव तीन बार आपत्ति के बाद एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के हस्तक्षेप पश्चात हो रहा है। इस चनाव में 33 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। वोटर्स अधिवक्ताओं से डिक्लरेशन फार्म भराए गए हैं।

### वार्षिकोत्सव के दौरान बांटा, अभिभावकों ने किया हंगामा

## बच्चों को एक्सपायरी चिप्स संचालक सहित दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के गृह जिले दुर्ग के ग्राम पउवारा के एक स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान स्टूडेंट्स को तीन महीने पहले एक्सपायर हो चुका चिप्स बांटने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल में जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस प्रशासन वहां पहुंचा और परिजनों को शांत कराया।

मामला उतई थाना अंतर्गत रॉयल एकेडमी स्कूल पउवारा का है। यहां बीते 10 फरवरी को वार्षिक उत्सव के दौरान बच्चों को 3 महीने पहले एक्सपायरी चिप्स के पैकेट बांटे गए। इसकी जानकारी जब बच्चों के अभिभावकों को हुई तो उन लोगों स्कूल जाकर हंगामा किया और कहा कि यदि इसे खाकर उनके ▶▶|शेष पेज 7 पर

### जांच कर की जाएगी कार्रवाई

इस मामले की जांच की जाएगी। पुलिस विभाग से पूरी जानकारी ली जाएगी, और मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- जितेंद्र नेले अभिहित अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग दुर्ग

### दुकानदार का दावा- प्रोडक्ट पूरी तरह से सुरक्षित

हंगामा के बाद जब उस दुकानदार का पता किया गया, जहां से चिप्स के पैकेट खरीदे गए थे तो दुकानदार ने दावा किया कि सामान पूरी तरह सुरक्षित है, पैकेट पर डेट पुरानी छप गई है। इससे लोगों का गुस्सा और भड़क उठा। स्कूल प्रबंधन ने ही इस दुकानदार को स्टॉल की अनुमति दी थी, इसलिए अब उनके ऊपर सवाल खड़े हो गए हैं कि बच्चों के स्वास्थ्य की कोई जांच किए बिना कैसे इजाजत दी गई?

### स्कूल प्रबंधन ने दिया गोलमोल जवाब

शिकायतकर्ता अभिभावक कमलेश कुमार नेताम ने बताया कि जब इस मामले को लेकर स्कूल प्रशासन से संपर्क किया गया तो गोलमोल जवाब दिए गए। इसके बाद वो अन्य अभिभावकों के साथ उतई थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की।

## चारधाम यात्रा कर प्रयागराज पहुंचे कांवड़िये



**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि से पहले प्रयागराज का माघ मेला अपने चरम पर पहुंच गया है। संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। इसी बीच चारधाम यात्रा पूरी कर बिहार से 201 कांवड़ियों का दल प्रयागराज पहुंचा। श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया और विधि विधान से जल भरा। जयकारों और भक्ति गीतों के बीच कांवड़ियों ने संगम जल टोकरी और पात्रों में लेकर अपने गांवों के शिव मंदिरों में जलाभिषेक का संकल्प लिया।

फैक्ट्री एवं विभिन्न ठिकानों पर दस्तावेजों की जांच

## फिल ग्रुप के ठिकानों पर रेड सर्वे के बहाने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

प्रदेश में कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर इंकम टैक्स विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। बिलासपुर में एसआईआर लिखी गाड़ियों में सर्वे टीम बनकर आई आईटी की टीम ने फिल ग्रुप के श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित ऑफिस एवं रामा वर्ल्ड स्थित निवास में दस्तावेजों की जांच की है। आईटी की टीम ने फिलहाल किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी है। इंकम टैक्स विभाग की टीम ने गुरूवार को कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई कर हलचल मचा दी है। बिलासपुर एवं जांजगीर-चांपा में एक ही दिन ▶▶|शेष पेज 7 पर



### इधर, तिरुपति मिनरल्स के ठिकाने पर छापेमारी

**जांजगीर- चांपा।** आयकर विभाग की टीम ने चाम्पा में कोयला कारोबारी के ठिकाने पर दबिश दी। तिरुपति मिनरल्स के कार्यालय में पहुंच कर टीम ने आय व्यय के दस्तावेज खंगाले और खातों की जांच की। टीम की जांच पूरे दिन चलती रही। चाम्पा के बिर्रा रोड स्थित तिरुपति मिनरल्स के कार्यालय में आईटी की टीम ने गुरुवार 14 फरवरी को छापा मारा। सुबह करीब 11:30 बजे दफ्तर में रोज की तरह कामकाज शुरू ही हुआ था कि तभी दो गाड़ियों में दर्जनभर अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### 3.60 लाख करोड़ रुपए के रक्षा सौदे पर लगी मुहर

# सेना की और बढ़ेगी ताकत, गरजेंगे 114 राफेल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी। आधिकारिक बयान के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी को मजबूत करने के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपए के सैन्य उपकरणों की पूंजीगत खरीद को मंजूरी दी। सूत्रों ने बताया कि इस परियोजना के तहत, राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन द्वारा 18 विमान सीधे 'उड़ान भरने की स्थिति' में आपूर्ति किए जाएंगे और शेष विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा।

### रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में बैठक

रक्षा मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 3.60 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित मूल्य पर सेनाओं के विभिन्न प्रस्तावों के लिए 'आवश्यकता स्वीकृति' प्रदान की। इसने कहा, भारतीय वायु सेना के लिए एमआरएफए, लड़ाकू मिसाइलों और एयरशिप आधारित उच्च ऊंचाई वाले छद्म उपग्रह की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी गई थी। मंत्रालय ने कहा कि एमआरएफए की खरीद से युद्ध की सभी स्थितियों में हवाई वर्चस्व स्थापित करने की क्षमता बढ़ेगी और लंबी दूरी के आक्रामक हमलों के साथ वायुसेना की निवारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।



### नौसेना की समुद्री निगरानी भी होगी मजबूत

आसमान के साथ-साथ समंदर में भी भारत की निगरानी क्षमता बढ़ने वाली है। डीएसी ने नौसेना के बेड़े में 6 नए पी-8आई एयरक्राफ्ट जोड़ने को मंजूरी दी है। भारतीय नौसेना पहले से ही 12 पी-8आई विमानों का संचालन कर रही है। इन नए विमानों के आने से हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री निगरानी और पनडुब्बी रोधी क्षमता को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### वायुसेना को मिलेंगे 6 से 7 नए स्क्वाड्रन

इस सौदे का सबसे अहम पहलू वायुसेना की गिरती स्क्वाड्रन संख्या को संभालना है। 114 नए राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना को 6 से 7 नए स्क्वाड्रन मिलेंगे। वर्तमान में वायुसेना के पास लगभग 30 स्क्वाड्रन हैं, जबकि देश की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए 42 स्क्वाड्रन की आवश्यकता है। डीएसी की मंजूरी मिलने के बाद अब यह प्रस्ताव अंतिम स्वीकृति के लिए कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) के पास भेजा जाएगा।

# अहमदाबाद हादसा, टेक्निकल खराबी नहीं बल्कि पायलट ने बंद किया था फ्यूल स्विच!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अहमदाबाद में एअर इंडिया फ़्लाइट क्रैश की जांच कर रहे इन्वेस्टिगेटर्स इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि यह हादसा किसी टेक्निकल खराबी की वजह से नहीं हुआ था, बल्कि यह एक 'जानबूझकर की गई हरकत' का नतीजा था। इटैलियन डेली अख़बार कोरिरे डेला सेराने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई ताज़ा बातचीत से वाकिफ़ दो सोर्स का हवाला देते हुए रिपोर्ट किया। हालांकि, डीजीसीए की ऑफिशियल रिपोर्ट जारी होने से पहले कुछ भी नतीजा निकालना जल्दबाज़ी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन इन्वेस्टिगेटर्स इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि 12 जून, 2025 को इंजन में फ्यूल कट-ऑफ के बाद हुआ क्रैश किसी मैकेनिकल खराबी की वजह से नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई एक्टिविटी की वजह से हुआ था। अधिकारी अब अपनी फ़ाइनल रिपोर्ट का ड्राफ़्ट बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अख़बार ने आगे कहा कि जांच में मदद कर रहे यूएस एक्सपर्ट्स ने इन नतीजों को 'एक बड़ी कामयाबी' बताया है।

■ 12 जून, 2025 को इंजन में फ्यूल कट-ऑफ के बाद हुआ था क्रैश

## 'इटैलियन डेली अख़बार कोरिरे डेला सेरा की नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच हुई बातचीत से वाकिफ़ दो सोर्स का हवाला देते हुए रिपोर्ट

**'तुमने क्यों बंद किया?':** एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर, अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ा और कुछ सेकंड बाद ही क्रैश हो गया था। इस हादसे में कुल 260 लोग मारे गए, जिनमें पैसेंजर और मेडिकल स्टूडेंट्स के हॉस्टल के अंदर मौजूद लोग शामिल थे, जिस पर एयरक्राफ्ट गिरा था। इस हादसे में सिर्फ एक पैसेंजर की जान बच पाई थी। जुलाई 2025 में भारत के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की तरफ से जारी एक शुरुआती रिपोर्ट में एक पायलट के फ्यूल कंट्रोल बंद करने के बारे में आखिरी कॉकपिट बातचीत का ज़िक्र किया गया था। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में, एक पायलट को यह पूछते हुए सुना गया, 'तुमने (फ्यूल) क्यों बंद किया?' दूसरे ने जवाब दिया, 'मैंने ऐसा नहीं किया।'



### 'ज़िम्मेदारी अभी साफ़ नहीं है'

नई रिपोर्ट में आगे लिखा गया, 'ज़िम्मेदारी अभी साफ़ नहीं है। मुख्य संदिग्ध कैप्टन सुमीत सभरवाल हैं, जिनके बारे में हादसे के बाद यह बात सामने आई कि वे डिप्रेशन से पीड़ित थे।' एएआईबी की शुरुआती जांच के बाद सभरवाल के पिता ने आरोपों को खारिज कर दिया, नई जांच की मांग की और अपने बेटे की मेंटल हेल्थ के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि तलाक की खबरों सहित पर्सनल मुद्दों की वजह से उन्हें एंग्जायटी या डिप्रेशन हुआ। कोरिएरे डेला सेरा के मुताबिक, फाइनल जांच रिपोर्ट में पायलटों के लगातार साइकोलॉजिकल इवैल्यूएशन और मेंटल हेल्थ मॉनिटरिंग पर सुझाव भी शामिल होने की उम्मीद है। क्रैश के कुछ हफ़्तों बाद, कई थ्योरी सामने आईं, जिनमें टेक्निकल खराबी से लेकर इंसानी गलती तक शामिल थीं।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को दी कड़ी चेतावनी

# 'भारत नहीं लौटे तो भगोड़ा वाले मामले के खिलाफ सुनवाई नहीं'

### माल्या को पहले बताना होगा वह भारत लौटेंगे या नहीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने कारोबारी विजय माल्या को कड़ी चेतावनी दी है। कोर्ट ने कहा कि जब तक माल्या भारत वापस नहीं लौटते, तब तक अदालत उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं करेगी। इस याचिका में उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओ) के प्रावधानों को चुनौती दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति खुद को न्यायिक प्रक्रिया से दूर रखे हुए है, उसे अदालत से राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि माल्या को पहले यह स्पष्ट करना होगा कि वह भारत लौटेंगे या नहीं। कोर्ट ने कहा कि आपको (माल्या) वापस आना होगा।..अगर आप वापस नहीं आ सकते तो हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते।

#### माल्या की दो याचिकाएं

2016 से ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने उच्च न्यायालय में दो याचिकाएं दायर की हैं, एक में उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी गई है और दूसरी में 2018 के अधिनियम की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाया गया है।

**18 फरवरी को होगी अगली सुनवाई** : पीठ ने याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि वह माल्या को यह स्पष्ट करने का एक और अवसर दे रही है कि क्या वह भारत लौटने के लिए तैयार है।



#### शारीरिक उपस्थिति के बिना भी हो सकती है सुनवाई

माल्या की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अमित देसाई ने कहा कि ऐसे फैसले मौजूद हैं जिनसे पता चलता है कि याचिकाकर्ता की शारीरिक उपस्थिति के बिना भी ऐसी याचिकाओं पर सुनवाई और फैसला किया जा सकता है।

#### माल्या अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं

अदालत ने कहा कि हमें यह दर्ज करना पड़ सकता है कि आप अदालत की प्रक्रिया से बच रहे हैं। आप कार्यवाही का लाभ नहीं उठा सकते। आपके साथ निष्पक्षता बरतते हुए, हम याचिका खारिज नहीं कर रहे हैं बल्कि आपको एक और अवसर दे रहे हैं।अदालत ने दिसंबर 2025 में पिछली सुनवाई में अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि वह याचिका पर तभी सुनवाई करेगी जब माल्या भारत लौट आएंगे और उसने उनके वकील से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा था।

#### माल्या के ऊपर कौन-कौन से आरोप?

*वहीं, माल्या की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अमित देसाई ने कहा कि कारोबारी की भारत स्थित संपत्तियां पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा अटैच की जा चुकी हैं। गौरतलब है कि जनवरी 2019 में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों की सुनवाई कर रही विशेष अदालत ने माल्या को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। उन पर कई बैंकों के ऋण चूक और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। माल्या मार्च 2016 में भारत छोड़कर चले गए थे।*

#### माल्या ने अधिनियम के प्रावधानों को दी चुनौती

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तर्क दिया कि माल्या ने एफईओ घोषित किए जाने के बाद एफईओ अधिनियम के प्रावधानों को चुनौती दी है। मेहता ने दलील दी कि माल्या को पहले भारत आना चाहिए, उसके बाद ही यह तय किया जा सकता है कि वे भुगतान के लिए जिम्मेदार हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि माल्या पहले भारत आएं, फिर देखा जाएगा कि वे देनदार हैं या नहीं। वे देश के कानून पर अविश्वास नहीं जता सकते। सरकार की ओर से यह भी बताया गया कि लंदन में प्रत्यर्पण के खिलाफ माल्या द्वारा शुरू की गई कार्यवाही अंतिम चरण में है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि प्रत्यर्पण पास आता देख माल्या ने भारत में अपने 'भगोड़ा आर्थिक अपराधी' घोषित किए जाने के आदेश को चुनौती दी है।

# यूएन का बड़ा खुलासा, दिल्ली में लाल किले पर हमले के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का हाथ!

**यूएन का दावा- जैश ने ली दिल्ली ब्लास्ट की जिम्मेदारी**

**हमले के लिए महिला आतंकियों की भर्ती की**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



यूएन की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए हमले में बड़ा खुलासा किया है। अपनी 37वीं रिपोर्ट में टीम ने ये साफ किया है कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का हाथ था। ये रिपोर्ट यूएन सुरक्षा परिषद की 1267 सैंक्शंस कमेटी के लिए तैयार की गई है, जो आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा और उनसे जुड़े संगठनों पर नजर रखती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सदस्य देश ने यूएन पैनल को जानकारी दी कि जैश-ए-मोहम्मद ने कई हमलों की जिम्मेदारी ली थी। इनमें 10 नवंबर को नई दिल्ली के लाल किले के पास हुआ हमला भी शामिल है, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

#### मसूद अजहर ने बनाई महिलाओं की विंग

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 8 अक्टूबर को महिलाओं की एक अलग विंग बनाने का ऐलान किया था। इस विंग का नाम 'जमात-उल-मुमिनात' बताया गया है। यूएन लिस्ट में ये संगठन शामिल नहीं है, लेकिन इसका मकसद आतंकी गतिविधियों को समर्थन देना बताया गया है।

#### सदस्य देशों में मतभेद

रिपोर्ट में अलग-अलग देशों के अलग आकलन भी सामने आए हैं। एक देश ने कहा कि जैश अब भी सक्रिय है और हमलों की जिम्मेदारी ले रहा है। जबकि एक दूसरे देश ने जैश को 'निष्क्रिय' यानी खत्म हो चुका संगठन बताया है। बता दें कि पाकिस्तान पहले भी कह चुका है कि जैश और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों पर बैन के बाद वो अब सक्रिय नहीं हैं।

#### पहलगाम हमले का भी जिक्र

इस रिपोर्ट में 28 जुलाई 2025 का भी जिक्र है, जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में शामिल तीन संदिग्ध मारे गए थे। अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की जान गई थी। ये हमला द रेजिस्टेंस फ्रंट ने किया था, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का प्रॉक्सी माना जाता है। इसके बाद मई में भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था, जिससे चार दिन तक सैन्य तनाव बढ़ा रहा।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

### कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा, आपने वादा नहीं निभाया

# राजपाल को नहीं मिली जमानत अब 4 दिन रहना होगा जेल में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव ने चेक बाउंस मामले में गुरुवार को दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के बाद जेल में सरेंडर किया था। आज उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, लेकिन कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से मना कर दिया और कहा, आप जेल इसलिए गए क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया। अब इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी। अदलात ने साफ शब्दों में कहा कि 'आप जेल इसलिए गए, क्योंकि आपने अपना वादा पूरा नहीं किया।' कुल मिलाकर, फलिहाल राजपाल यादव को चार रातें और तिहाड़ जेल में बितानी होंगी।



#### सजा को रद्द करने की मांग क्यों?

दिल्ली हाईकोर्ट ने राजपाल यादव से पूछा कि वे सजा को रद्द करने की मांग क्यों कर रहे हैं। उन्होंने खुद माना था कि उन्होंने पैसा उधार लिया था और उसे लौटाने का वादा किया था। ऐसे में अब सजा पर रोक लगाने की मांग किस आधार पर की जा रही है? अदालत ने यादव को फटकार लगाई और कहा कि समझ नहीं आता यह बहस क्यों हो रही है। आपने याचिका दाखिल की थी और कहा था कि पैसा लौटाएंगे, लेकिन फिर सालों तक भुगतान नहीं किया। पिछले आदेश का पालन न करने की वजह से आपको जेल में सरेंडर करना पड़ा।

**200 फर्जी कॉल सेंटर बंद**

# कंबोडिया में नकली भारतीय पुलिस स्टेशन बनाकर ठगी



एजेंसी ▶▶| फोनों पेन्ह

कंबोडिया में बड़े पैमाने पर ऑनलाइन ठगी चल रही थी। हजारों लोग इमारतों में बैठकर अलग अलग देशों के लोगों को फोन और इंटरनेट के जरिए ठग रहे थे। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक अब सरकार ने इन ठिकानों पर छापा मारकर करीब 200 ऐसे सेंटर बंद कर दिए हैं। कई बड़े सरगना पकड़े गए हैं और हजारों लोगों को देश से बाहर भेजा गया है। छापे के दौरान एक जगह ऐसा कमरा मिला जिसे भारतीय पुलिस स्टेशन की तरह बनाया गया था। वहां गांधी की फोटो और भारत से जुड़े निशान लगाए गए थे। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि सामने वाले व्यक्ति को लगे कि वह सच में भारत की पुलिस या किसी सरकारी अधिकारी से बात कर रहा है। कम्पोट प्रांत में वियतनाम सीमा के पास स्थित एक बड़े परिसर में पत्रकारों को ऐसे कमरे दिखाए गए, जहां कंप्यूटर की कतारें लगी थीं। वहां थाई नागरिकों को ठगने के निर्देशों वाले दस्तावेज पड़े थे।

**हजारों ठग एक साथ भागे :** फोन कॉल के लिए स्टूडियो बूथ और एक नकली भारतीय पुलिस स्टेशन भी बनाया गया था। पुलिस का कहना है कि उनके पास इतने लोगों को रोकने के लिए पर्याप्त बल नहीं था। कम्पोट के प्रांतीय पुलिस प्रमुख माओ चनमोथुरिथ ने बताया, 'पूरे प्रांत में हमारे पास करीब 1000 पुलिसकर्मी और 300 सैन्य पुलिसकर्मी हैं। जब यहां से 6 से 7 हजार लोग एक साथ निकले, तो हम उन्हें रोक नहीं पाए।'

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • हाइड्रोफेशियल • कार्बन फेशियल • कैमिकल पीलिंग • रेडियोफ्रिक्वेंसी • एलर्जी टेस्ट रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह/पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130




**ट्रेड डील :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा

# डील की फैक्टशीट में संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*मंत्रालय ने कहा कि डील को संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है।*

भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की चर्चा इन दिनों सभी जगह है। इस डील की फैक्टशीट पर हाल ही में व्हाइट हाउस द्वारा कुछ बदलाव किए गए थे। अब इन बदलावों पर जवाब देते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह संशोधन दोनों देशों की आपसी सहमति के बाद हुए हैं। यह दोनों देशों की साझा समझ को भी प्रदर्शित करते हैं। मीडिया से बात करते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले पर सरकार का मत सामने रखा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच में पारस्परिक लाभ और व्यापारिक लाभ को ध्यान में रखकर एक अंतरिम समझौते पर सहमति बनी थी। इसे संयुक्त बयान के रूप में पेश किया गया था। यही बयान (फैक्टशीट) इस मामले में हमारी समझ का आधार बना हुआ है। अमेरिका की तरफ से इसमें जो भी संशोधन किए गए हैं, वह पूरी तरह से आपसी समझ को प्रदर्शित करते हैं। गौर हो कि लंबी बातचीत और कई दौर की मीटिंग के बाद आखिरकार भारत और अमेरिका के बीच एक समझौते पर मुहर लगी थी। हालांकि, अभी भी इस पर बातचीत जारी है, लेकिन एक संयुक्त बयान जारी कर दिया गया था।

### ये हुए बदलाव

- *भारत द्वारा जिन अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ कम करने या समाप्त करने की बात पहले कही गई थी, उनमें से कुछ दालों को हटा दिया गया*
- *अमेरिका ने पहले 500 बिलियन डॉलर की खरीद पर भारत के प्रतिबद्ध होने की बात कही थी, इसे बाद में संशोधित करके 'इरादा रखता है' वाली बात जोड़ी गई*




### सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से लगातार भारत और अमेरिका के बीच में तनाव बना हुआ था। यह तनाव इतना बढ़ गया कि ट्रंप ने भारत की अर्थव्यवस्था को भी खरी-खोटी सुनाना शुरू कर दी। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगातार बनाए गए दबाव के बाद भी सरकार ने किसानों के हितों को ताक पर नहीं रखा। महीनों की वार्ता के बाद आखिरकार दोनों देश एक समझौते पर पहुंचे। इस समझौते की तरफ सबसे पहले अमेरिकी राजदूत सर्गियो गोर ने इशारा किया। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी साझा कर दी।

### बंग्लादेश के जनादेश के बाद मुद्दों पर आगे विचार

बांग्लादेश में चुनावों को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव के परिणामों का इंतजार करना चाहिए ताकि स्पष्ट हो सके कि जनता का जनादेश किस प्रकार का आया है, उसके बाद ही संबंधित मुद्दों पर आगे विचार किया जाएगा। भारत दोनों देशों के मैत्रीपूर्ण संबंधों के आधार पर स्थिति की निगरानी जारी रखेगा।

## केजरीवाल को याचिका वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को चुनौती देने वाली याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। मामला दिल्ली शराब नीति में मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। केजरीवाल की ओर से वकील ने कोर्ट में बताया कि अब वह इस याचिका को आगे नहीं बढ़ाना चाहते। जिस मामले में समन भेजा गया उस मामले उन्हें पहले ही बरी किया जा चुका है। इसके बाद हाईकोर्ट ने याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

## कंटेनर में घुसी कार, 2 महिलाओं की मौत

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के गाजीपुर इलाके में नेशनल हाईवे-9 पर गुरुवार सुबह गाजियाबाद की ओर से आ रही कार टोल एक कंटेनर ट्रक में जा घुस गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान दीपांजलि (38) और नीलम गर्ग (55) के रूप में हुई है। हादसे में कार चालक दीपांशु गर्ग, विवान (5) और वाशु (3) घायल हो गए।

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO: 3107/RMC/2025 RAIPUR DATED : 11/02/2026
Online bids are invited for the following works up to 09/03/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 185453 | REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) Removal, Construction, Maintenance, Redevelopment and Utilization of Installed 02 Big unipoles for advertising purposes | 40,40,000/- |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 11/02/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.

Note:- 1. All eligible / interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID *helpdesk.eproc@cgswan.gov.in*

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

SUPERINTENDENT
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 05.03.2026, ( 17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत जी. एस.टी. छोड़ कर (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 185414 | 08/व.ले.लि / 2025-26 दिनांक 11.02.2026 | जशपुर जिले के विकासखण्ड कुनकुरी की ईब व्यपवर्तन योजना का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। | 3058.01 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.02.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** : -1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। 2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन कें अनुसार है। 3. निविदाकार द्वारा अपने वित्तीय प्रस्ताव में जी.एस.टी. सहित निविदा भरा जाना है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)**
**कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार**
**जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)**
G-252606650/4

**आम सूचना**

मेसर्स रायपुर ग्राइंडिंग इंडस्ट्रीज कॉपोरेशन, प्रोप. श्रीमती प्रेमलता टावरी, पति श्री मुरलीधर टावरी, निवासी- 204. राधे श्याम टावर, चौबे कॉलोनी, रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.) को सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा औद्योगिक क्षेत्र-उरला, जिला- रायपुर (छ.ग.) में भूखण्ड क्रमांक 332- B, रकबा 10,000 वर्गफीट (0.23 एकड़) भूमि का आबंटन किया जाकर पट्टाभिलेख दिनांक 23/09/2017 को किया गया।

इकाई द्वारा निष्पादित पट्टाविलेख की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण भूमि निरस्तीकरण आदेश क्रमांक जिव्याउके- रा / भू.आ. / 2025 /99, दिनांक 07/02 /2025 द्वारा भूमि आबंटन आदेश एवं पट्टाभिलेख निरस्त किया गया था। निरस्तीकरण आदेश के विरूद्ध इकाई द्वारा कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है।

पत्र क्रमांक सीएसआईडीसी / भू.आ. /2025 / 8396 दिनांक 13/11/2025 के द्वारा **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** में प्रावधानित नियमानुसार उक्त भूखंड पर निर्मित परिसम्पत्तियों को **01 माह** के भीतर हटाकर निरस्त भूखण्ड का आधिपत्य कार्यालय को सौपने हेतु जारी किया गया है, जिसमें नियमानुसार एकपक्षीय आधार पर पंचनामा बनाकर भूखण्ड का आधिपत्य प्राप्त करने की कार्यवाही की जावेगी का लेख किया गया था।

अतः **"छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015" (यथा-संशोधित)** प्रावधानित नियमानुसार पूर्व में जारी भूमि निरस्तीकरण आदेश को प्रभावशील मानते हुये भूमि का आधिपत्य पंचनामा के माध्यम से प्राप्त किये जाने की कार्यवाही की जा रही है, यदि पंचनामा कार्यवाही पर किसी व्यक्ति/ कार्यालय /वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेखों में अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए भूमि का आधिपत्य प्राप्त कर लिया जाएगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार योग्य नहीं होगा।

**(ए.एच. यजदानी)**
**मुख्य महाप्रबंधक (भू-आबंटन)**
**सी.एस.आई.डी.सी**
S-46879/1

**कार्यालय आयुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**ब्लाक-डी, भू-तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
Phone No. -0771-2263708, Fax- 2262558
www.tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in

क्रमांक/105/रा.यु.उ.यो./2025-26/13145 नवा रायपुर दिनांक 11/02/2026

**-: सूचना :-**

**वर्ष 2025-26 में राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की नई दिल्ली में तैयारी हेतु चयनित अभ्यर्थियों के संबंध में सूचना**

वर्ष 2025-26 में राजीव युवा उत्थान योजना नियमावली वर्ष 2019 के भाग (A) अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसकी प्राक्चयन परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये चयनित अभ्यर्थियों की सूची एवं नई दिल्ली स्थित विभाग द्वारा सूचीबद्ध कोचिंग संस्थाओं की सूची विभागीय वेबसाईट **www.tribal.cg.gov.in** पर अवलोकन किया जा सकता है।

**उपायुक्त**
**आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास**
**नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़**
G-252606624/2

**नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, ने 'ट्रेड डील' पर जारी किया वीडियो संदेश**

# 'किसानों, कृषि और देश की खाद्य सुरक्षा पर आघात'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के भारत-अमेरिका व्यापार (ट्रेड) समझौते पर एक वीडियो संदेश जारी करते हुए किसानों, कृषि और देश की खाद्य सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि कोई भी ऐसा ट्रेड डील जो किसानों की आजीविका छीने या खाद्य सुरक्षा कमजोर करे, वह किसान-विरोधी है और इसके खिलाफ वे पूरी ताकत से लड़ेंगे। वीडियो संदेश में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा, 'चाहे सरकार मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज करे, विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए या कोई मुकदमा दायर हो, मैं किसानों के अधिकारों और हितों के लिए संघर्ष जारी रखूँगा। किसी भी तरह की ऐसी डील जिसे किसानों की रोज़ी-रोटी नुक़सान पहुँचता हो, मैं उसे स्वीकार नहीं करूँगा।'



**कृषि बनाम व्यापार समझौताः क्या है राहुल गांधी का तर्क? :** राहुल गांधी ने अपने संदेश में केंद्र सरकार के इंडिया-यूएस ट्रेड डील को किसानों के हितों के खिलाफ और देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करने वाला करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ हुई इस डील में भारतीय कृषि बाजार के दरवाज़े खोल दिए गए हैं, जिससे विदेशी कृषि वस्तुओं के आयात को प्रोत्साहन मिल सकता है। उन्होंने दावा किया कि कपास, सोया, सेब और अन्य फल-सब्जियों पर आयात के दरवाजे खोल दिए गए हैं जिसका प्रतिकूल असर भारतीय किसानों पर पड़ेगा।

## पुतिन का बड़ा फैसला रूस में वाट्सएप पर लगा दिया बैन

**मास्को।** दुनिया के सबसे बड़े मुल्क रूस ने अमेरिकी कंपनी मेटा को तगड़ा झटका दिया है। रूस ने मेटा के सबसे मशहूर प्लेटफॉर्म्स में से एक व्हाट्सऐप पर बैन लगा दिया है। रूस में व्हाट्सऐप पर पूरी तरह प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। इस फैसले की पुष्टि करते हुए मॉस्को ने बताया है कि मेटा कंपनी रूसी कानूनों का पालन नहीं कर रही थी। रूसी प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेटा ने कानून का पालन नहीं किया, इसलिए प्रतिबंध लागू किया गया है।

**बीजिंग दौरे पर दिखी थीं पिता के साथ**

# किम जोंग ने 13 साल की बेटी को चुना उत्तराधिकारी!



**सियोल।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपनी 13 साल की बेटी किम जू ऐ को अपना उत्तराधिकारी चुन लिया है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने गुरुवार को सांसदों को दी गई जानकारी में यह दावा किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने कहा कि किम जू ऐ की लगातार बढ़ती सार्वजनिक मौजूदगी को देखते हुए यह आकलन किया गया है। एनआईएस ने कहा कि उसने 'कई परिस्थितियों" को ध्यान में रखते हुए यह निष्कर्ष निकाला है। इनमें आधिकारिक कार्यक्रमों में किम जू ऐ की प्रमुख उपस्थिति भी शामिल है। हाल के महीनों में जू ऐ कई बड़े कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आई हैं। सितंबर में बीजिंग दौरे के दौरान भी वह किम जोंग उन के साथ दिखी थीं। यह उनका पहला विदेशी दौरा था, जिसकी जानकारी सामने आई।

### एनआईएस पार्टी सम्मेलन पर रखेगी नजर

एनआईएस ने यह भी कहा है कि वह इस बात पर नजर रखेगी कि क्या जू ऐ इस महीने होने वाली पार्टी सम्मेलन में शामिल होती हैं। यह उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम है, जो हर पांच साल में एक बार होता है। इसी पार्टी सम्मेलन में प्योंगयांग अगले पांच साल के लिए अपनी प्राथमिकताओं जैसे- विदेश नीति, युद्ध की तैयारी और परमाणु कार्यक्रम पर विस्तार से जानकारी दे सकता है।



## चिंतन

# लोकतांत्रिक सरकार संबंध सुधारने पर दे सकती है जोर

बांग्लादेश में संपन्न हुए 13वें संसदीय चुनाव केवल एक राजनीतिक प्रक्रिया भर नहीं हैं, बल्कि ये दक्षिण एशिया की कूटनीतिक दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण पड़ाव भी हैं। चुनाव परिणामों को लेकर भले ही विभिन्न दलों और पर्यवेक्षकों के बीच मतभेद हों और उनकी विश्वसनीयता पर प्रश्न उठ रहे हों, लेकिन यह निर्विवाद है कि ढाका की सत्ता में बैठने वाली नई सरकार का रुख भारत के लिए महत्वपूर्ण होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच 4000 किलोमीटर से अधिक लंबी साझा सीमा है, जो दोनों देशों को सुरक्षा, व्यापार, सांस्कृतिक संपर्क और रणनीतिक दृष्टि से गहराई से जोड़ती है। ऐसे में बांग्लादेश की राजनीतिक स्थिरता और उसकी विदेश नीति का स्वरूप भारत के राष्ट्रीय हितों से सीधे जुड़ा हुआ है। चुनाव से पहले आवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दोनों ने पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंधों की बात कही थी। यह संकेत आशावादी है। यदि लोकतांत्रिक ढंग से गठित नई सरकार क्षेत्रीय सहयोग और संतुलन की नीति अपनाती है, तो हाल के वर्षों में आई कूटनीतिक दूरी कम हो सकती है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल में चीन और पाकिस्तान के साथ बढ़ती नजदीकियों तथा भारत के साथ रिश्तों में आई ठंडक ने नई दिल्ली की चिंता बढ़ाई थी। ऐसे माहौल में लोकतांत्रिक जनादेश से बनी सरकार यदि संतुलित विदेश नीति अपनाती है, तो यह दोनों देशों के लिए राहत की बात होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांग्लादेश में चीन की आर्थिक उपस्थिति लगातार बढ़ी है। बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, ऊर्जा और निवेश के क्षेत्र में चीन की सक्रियता ने ढाका को नए विकल्प दिए हैं। पाकिस्तान के साथ भी ऐतिहासिक और राजनीतिक समीकरण समय-समय पर चर्चा में आते रहे हैं। ऐसे परिदृश्य में भारत के लिए चुनौती यह है कि वह प्रतिस्पर्धा के बजाय विश्वास और विकास साझेदारी के माध्यम से संबंधों को मजबूत करे। भारत को बांग्लादेश के आर्थिक विकास, कनेक्टिविटी परियोजनाओं और जन-जन के संपर्क को प्राथमिकता देकर रिश्तों को स्थायी आधार देना होगा। भारत की ओर से आई आधिकारिक प्रतिक्रिया परिपक्व और संतुलित रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट किया कि पहले चुनाव परिणामों का इंतजार किया जाएगा और उसके बाद जनादेश की प्रकृति को देखते हुए आगे की रणनीति तय होगी। यह बयान केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इस बात का संकेत है कि भारत पड़ोसी देशों में स्थिर और लोकतांत्रिक शासन को अपने हितों के अनुरूप मानता है। भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल रणनीतिक समीकरण नहीं हैं, वे साझा इतिहास, संस्कृति और भावनात्मक जुड़ाव पर आधारित हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका ने दोनों देशों के बीच विश्वास की मजबूत नींव रखी थी। हाल के वर्षों में व्यापार, ऊर्जा सहयोग, सीमा प्रबंधन, रेल और जलमार्ग संपर्क जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इन उपलब्धियों को राजनीतिक उतार-चढ़ाव का शिकार नहीं बनने देना चाहिए। नई लोकतांत्रिक सरकार के सामने चुनौती होगी कि वह घरेलू राजनीतिक स्थिरता कायम रखते हुए संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति अपनाए। भारत को भी चाहिए कि वह बड़े भाई की छवि से आगे बढ़कर समानता और सम्मान के आधार पर संबंधों को विकसित करे। लोकतंत्र की मजबूती और पड़ोसी सहयोग ही क्षेत्र को स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।



मुद्दा
महेन्द्र तिवारी


# विवाद की जड़ बनी अप्रकाशित आत्मकथा

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी प्रकाशित भी नहीं हुई और व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है, जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है। पूर्व थलसेना प्रमुख नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई।

प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था।

अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक




रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था।

यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है। क्या असहजता ही किसी रचना को रोकने का पर्याप्त कारण हो सकती है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ केवल सामान्य नागरिकों तक सीमित नहीं है। जिन लोगों ने राज्य की सर्वोच्च जिम्मेदारियां निभाई हैं, उनका अनुभव और दृष्टिकोण भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा होना चाहिए। निश्चित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा एक गंभीर विषय है और किसी भी प्रकार की जानकारी का प्रकाशन सावधानी से होना चाहिए, परंतु सुरक्षा और सेंसरशिप के बीच की रेखा बहुत महीन होती है।

जब सुरक्षा के नाम पर हर असुविधाजनक प्रश्न को दबाया जाने लगे, तब वह लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए खतरा बन जाती है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस मामले में न तो लेखक ने अपनी बात से पीछे हटने का प्रयास किया और न ही प्रकाशक ने यह कहा कि सामग्री गलत है। इसका अर्थ यह हुआ कि समस्या सामग्री में नहीं, बल्कि उसके सार्वजनिक होने में है। यही विरोधाभास इस पूरे विवाद को और गहरा बनाता है। डिजिटल युग में किसी रचना को पूरी तरह रोक पाना लगभग असंभव है। इस घटना ने यह भी दिखा दिया कि प्रतिबंध और देरी कभी-कभी विपरीत प्रभाव डालते हैं। जिस पुस्तक को कुछ कार्यालयी फाइलों में दबाकर रखा गया था, वह अब कहीं अधिक लोगों तक पहुंच चुकी है, वह भी बिना किसी आधिकारिक संदर्भ और विमर्श के। इससे गलत व्याख्याओं और अफवाहों की संभावना भी बढ़ जाती है। बेहतर यह होता कि पुस्तक को आवश्यक संपादन और स्पष्ट चेतावनियों के साथ प्रकाशित होने दिया जाता, ताकि पाठक उसे पूरे संदर्भ में समझ सकें। जांच और प्रतिबंध के रास्ते ने न केवल लेखक और प्रकाशक को असमंजस में डाला है, बल्कि पाठकों को भी अधूरी और असंतुलित जानकारी के भरोसे छोड़ दिया है।

यह प्रकरण केवल एक आत्मकथा का नहीं है। यह उस बड़े संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें राज्य की शक्ति और नागरिक समाज की जिज्ञासा आमने-सामने खड़ी होती हैं। इतिहास बताता है कि सत्य को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। वह कभी दस्तावेज के रूप में, कभी स्मृति के रूप में और कभी डिजिटल प्रति के रूप में सामने आ ही जाता है। प्रश्न केवल यह है कि क्या हम उसे खुली बहस और परिपक्व संवाद के साथ स्वीकार करेंगे या डर और नियंत्रण के माध्यम से उसे और रहस्यमय बना देंगे। जनरल नरवणे की आत्मकथा आज भले ही औपचारिक रूप से प्रकाशित न हो, परंतु उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि कहानियां केवल अनुमति से नहीं, आवश्यकता से जीवित रहती हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व रेडियो दिवस

बाल मुकुन्द ओझा



# मन की बात ने बढ़ाया रेडियो का मान-सम्मान

विश्व रेडियो दिवस प्रतिवर्ष 13 फरवरी को मनाया जाता है। कोई माने या न माने, मगर यह बिलकुल सच है कि भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने पुनर्जीवित कर नया जीवनदान दिया है। मोदी के लोकप्रिय शो 'मन की बात' ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। एक वक्त था जब रेडियो पर यह आकाशवाणी है, ये शब्द सुनते ही बच्चे से बुजुर्ग तक रेडियो को घेर कर खड़े हो जाते थे। यह हर कोई जानता है कि रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है, जिसके जरिए लाखों-करोड़ों लोगों तक आसानी से पहुंचा जा सकता है। भारत में अपनी पहचान खोते जा रहे रेडियो को अपने नवाचार कार्यक्रम के माध्यम से नयी पहचान और जीवनदान देने का श्रेय निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाता है।

आठवें दशक तक या यूं कहें कि दूरदर्शन के आगमन तक रेडियो ही शिक्षा, संचार और मनोरंजन के क्षेत्र की सिरमौर था। उस दौरान घर-घर में ही नहीं अपितु हर हाथ में रेडियो था और लोग इससे चिपके रहते थे। हर प्रकार की सूचना का संवाहक था रेडियो। 1980 के बाद संचार के आधुनिक साधनों के प्रादुर्भाव के साथ रेडियो का प्रभाव घटता गया। लोगों ने रेडियो के स्थान पर टीवी को अपनाना शुरू कर दिया। इसी बीच 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 'मन की बात' नामक एक क्रान्तिकारी कार्यक्रम शुरू हुआ। इसी नवाचार के साथ रेडियो का एक तरह से पुनर्जन्म हुआ। दूरदर्शन के प्रादुर्भाव से पूर्व यानि अस्सी के दशक तक रेडियो पर सुनाई देने वाली यह आवाज संचार के आधुनिक साधनों के बीच गायब सी हो गई थी। पहले भारतीय




प्रसारण सेवा, फिर आल इंडिया रेडियो और इसके बाद आकाशवाणी के रूप में रेडियो अस्तित्व में रहा। दूरदर्शन के बढ़ते प्रभाव ने इसकी उपयोगिता पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया, रही सही कसर निजी चैनलों और मोबाइल ने पूरी कर दी। मगर हाल के वर्षों में जहां लोगों में रेडियो की चाह बढ़ी है, वहीं इसकी बिक्री भी तेज हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक कार्यक्रम ने रेडियो की लोकप्रियता बढ़ा दी है। कह सकते हैं कि इसे नया जीवन मिला है। यह सच है कि रेडियो की साख कमजोर हुई है, मगर आज भी यह अब भी देश में सबसे ज्यादा एरिया कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो की पहुंच देश की 99.20 प्रतिशत आबादी तक है। देश के 92.6 प्रतिशत भूभाग को यह कवर करता है। ऑल इंडिया रेडियो भारत के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा है। इस सेवा का नाम भारतीय प्रसारण सेवा रखा गया था। देश में रेडियो प्रसारण की शुरुआत मुंबई और कोलकाता में सन 1927 में दो निजी ट्रांसमीटरों से की गई। 1930 में इसका राष्ट्रीयकरण हुआ।

1957 में इसका नाम बदल कर आकाशवाणी रखा गया। सरकारी प्रसारण संस्थाओं को स्वायत्तता देने के इरादे से 23 नवंबर 1997 को प्रसार भारती का गठन किया गया, जो देश की एक सार्वजनिक प्रसारण संस्था है और इसमें मुख्य रूप से दूरदर्शन और आकाशवाणी को शामिल किया गया है। आकाशवाणी या रेडियो को हिंदी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेय दिया जा सकता है। आजादी से पूर्व आकाशवाणी अनेकता में एकता का सशक्त माध्यम थी। एक-दूसरे के पास इसी माध्यम से सारी जानकारी पहुंचती थी। आजादी के बाद प्रगति और विकास का एक मात्र सजीव माध्यम बना आकाशवाणी। बड़े-बड़े नेता और महत्वपूर्ण व्यक्ति अपनी बात आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के समक्ष रखते थे। प्रसारण का एक मात्र साधन होने से देश में इसकी महत्ता और स्वीकार्यता थी। मगर धीरे-धीरे निजी क्षेत्र में प्रसारण माध्यम शुरू हुए। निजी चैनलों से चौबीसों घंटे समाचार और मनोरंजन की सामग्री प्रसारित होने लगी। फलस्वरूप लोगों ने आकाशवाणी से मुंह मोड़ लिया। इससे आकाशवाणी बहुत थोड़े क्षेत्रों में सिमट कर रह गया। मगर जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने इसकी सुध-बुध ली, तब से इसका महत्व एक बार फिर बढ़ा। विशेष रूप से प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम प्रसारित होना शुरू हुआ तब से एक बार फिर आकाशवाणी लोगों के सिर चढ़ गया। रेडियो अब फिर से आमजन व घरों तक पहुंचने लगा है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सत्य परमात्मा है, सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है



संकलित
**दर्शन**

सत्य ही सर्वस्व है। सत्य के बिना सदाचार, दान, कीर्ति, धन किसी काम के नहीं। जहां सत्य होगा, वहां ये सभी होंगे। सत्य परमात्मा है। सत्य प्रभु से भिन्न नहीं है। सत्य के द्वारा मनुष्य ईश्वर के निकट जा सकता है। जंगलों, पहाड़ों और वीराने में एकांतवास करना तपस्या नहीं है। जीवन में सच बोलना और सच की राह पर चलना ही सबसे बड़ी तपस्या है। धर्म के चार पद हैं- सत्य, तप, दया और पवित्रता। इन चार चरणों में सत्य सर्वोपरि है। महाभारत में राजा सत्यदेव की कथा आती है। एक दिन राजा ने स्वप्न देखा कि चंचला लक्ष्मी उनके महल से कुछ समय पश्चात चली जाएगी। एक दिन सुबह जब सत्यदेव उठे, तो उन्होंने एक सुंदर स्त्री को घर से निकलते देखा। राजा ने आश्चर्य से उस स्त्री से पूछा, 'आप कौन हैं?' जवाब मिला, 'मेरा नाम लक्ष्मी है। अब मैं इस घर से जा रही हूं।' राजा ने कहा कि आप जा सकती हैं। लक्ष्मीजी चली गईं। उसके पीछे एक सुंदर पुरुष को बाहर जाते देखकर राजा ने पूछा, 'आप कौन हैं?' उत्तर मिला, 'मेरा नाम दान है। लक्ष्मी के जाने के बाद आप दान नहीं कर सकेंगे, इसलिए मैं आपका घर छोड़ कर जा रहा हूं।' राजा ने कहा कि आप भी जा सकते हैं। इसके बाद तीसरा सदाचार और चौथा यश, पुरुष के रूप में बाहर आए। राजा के पूछने पर लक्ष्मी तथा दान के साथ जाने की कहने पर राजा ने दोनों को जाने दिया। जब पांचवां पुरुष सत्य जाने लगा, तो राजा ने हाथ जोड़ विनयपूर्वक कहा, 'मैंने तो आपका कभी त्याग नहीं किया। आप मुझको किसलिए छोड़ रहे हैं?

## दुख से मुक्ति ही है असली जीत?



संकलित
**प्रेरणा**

हमारे जीवन में बहुत अव्यवस्था है। उसे ठीक किए बिना ध्यान का कुछ भी अर्थ नहीं। यदि आप यह सोचकर ध्यान में बैठ जाएं कि इससे व्यवस्था आ जाएगी, तो ऐसा नहीं हो सकता। पहले अपने दैनिक जीवन में सुव्यवस्था स्थापित करें, तब ध्यान की गहराइयों में उतरने का लाभ होगा। सब युद्ध की तैयारियों में लगे हुए हैं। इन तैयारियों से विश्व में कहीं-न-कहीं, किसी-न-किसी प्रकार का विस्फोट अवश्य होगा। हम एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्वक कभी भी नहीं रह पाए हैं। शांति के बारे में हम बातें खूब करते हैं। सारे धर्मों ने शांति का ही संदेश दिया है, लेकिन इस धरती पर शांति कभी भी संभव नहीं हो पाई है। यह धरती, जिस पर हम सब रहते हैं, किसी एक देश की नहीं है। यह हम सबकी और हमारी धरती है। इस नफरत का संभवतः एक प्रमुख कारण यह है कि हमारे हृदय हिंसा से भरे हैं। हम कभी भी शत्रुता के भाव से, प्रतिशोध के भाव से मुक्त नहीं रहे। कभी भी अपने भय, दुख, घावों और प्रतिदिन के जीवन की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाए। हमें कभी शांति नहीं मिली। हम हमेशा परेशानियों में घिरे रहते हैं। यह सब हमारे जीवन का हिस्सा हैं। हमारे प्रतिदिन के दुखभोग का हिस्सा है। इस प्रेम विरहित दुखभोग से मुक्ति पाने के लिए मनुष्य ने कई रास्ते आजमाए हैं। उसने इसका दमन करके देख लिया। किसी श्रेष्ठतर तत्व से अपना तादात्म्य करके देख लिया। किसी आदर्श के लिए, किसी विश्वास के लिए, किसी आस्था के लिए अपने आपको समर्पित कर के देख लिया। फिर भी यह दुख कभी समाप्त नहीं होता। हम इसके अभ्यस्त हो चुके हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी**

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है।

*-सूरज कुमार, रायपुर*

## ट्रेंड

### जयंती पर नमन



स्वराज, स्वदेशी व स्वावलंबन के प्रणेता महर्षि दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की और सामाजिक कुरीतियों के त्याग व स्त्री शिक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने 'सत्यार्थ प्रकाश' से वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। स्वामी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### वन भूमि पर अतिक्रमण



जो लोग पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा हमें सौंपे गए संकट की भयावहता से अनभिज्ञ हैं, उनके लिए स्थिति को स्पष्ट करना आवश्यक है। 2,676 वर्ग किलोमीटर वन भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है! इसे ठीक करने के लिए भाजपा काम कर रही है!

**-हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### एक हाट में दो दुकान



बात ये नहीं है कि बवाल हुआ, बात ये है कि किसने होने दिया, कहीं ये मामला 'एक म्यान में दो तलवार' या 'एक हाट में दो दुकान' के झगड़े वाला तो नहीं है? अपने गृह-नगर में ही अपना विरोध देखकर उनको भी दुख हुआ, जो दूसरों के दुख दूर करने की बात करते हैं।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### बजट निराशाजनक



राजस्थान विस में पेश किया गया बजट न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि प्रदेश की जनता में भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा करने वाला है। बजट में कोई घोषणा ऐसी नहीं है जिसे व्यापक जनहित में कहा जा सके।

**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### अपने विचार


**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# सिएटल ने भारतीय छात्रा की मौत के मामले में किया समझौता

अमेरिका के सिएटल शहर ने 2023 में एक पुलिस अधिकारी की तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से जान गंवाने वाली भारत की 23 वर्षीय स्नातकोत्तर छात्रा जाह्नवी कंदुला के परिवार के साथ 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर के समझौते पर सहमति जताई है। कंदुला को अधिकारी केविन डेव की गाड़ी ने उस समय टक्कर मारी थी, जब वह मादक पदार्थ संबंधी एक कॉल के बाद कार्रवाई के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटे की सीमा वाले क्षेत्र में 119 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से जा रहे थे। उनकी गाड़ी की आपातकालीन लाइट जल रही थीं और चौराहों पर सायरन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था। सिटी अटॉर्नी एरिका इवांस ने बुधवार को जारी बयान में कहा, जाह्नवी कंदुला की मौत हृदयविदारक है और शहर को उम्मीद है कि यह वित्तीय समझौता कंदुला परिवार को कुछ हद तक संतोष प्रदान करेगा। जाह्नवी कंदुला का जीवन महत्वपूर्ण था। यह उनके परिवार, मित्रों और हमारे समुदाय के लिए मायने रखता था। कंदुला सिएटल स्थित नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी परिसर में सूचना प्रणाली (इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स) में मास्टर डिग्री के लिए पढ़ाई कर रही थीं। कंदुला के परिवार के वकीलों ने तत्काल प्रतिक्रिया नहीं दी। दोनों पक्षों ने पिछले शुक्रवार को किंग काउंटी सुपीरियर कोर्ट में समझौते की सूचना दाखिल की।



## ऑफ बीट

# जीवित कोई भी जीव 'आदिम' नहीं, फिर भी ऐसी मान्यता क्यों



हम मनुष्य लंबे समय से स्वयं को विकास (इवोल्यूशन) की पराकाष्ठा मानते रहे हैं। अन्य प्रजातियों को अक्सर आदिम या प्राचीन कहा जाता है और उच्च एवं निम्न जीव जैसे शब्दों का उपयोग किया जाता है। मानव-केंद्रित इस दृष्टिकोण को 1866 में और बल मिला, जब जर्मन वैज्ञानिक अर्न्स्ट हैकेल ने जीवन-वृक्ष (ट्री ऑफ लाइफ) का एक प्रारंभिक चित्र बनाया, जिसमें मनुष्य को स्पष्ट रूप से शीर्ष पर दिखाया गया। इस चित्रण ने यह धारणा लोकप्रिय बनाई कि विकास का अंतिम लक्ष्य मनुष्य हैं। आधुनिक विकासवादी जीवविज्ञान इस सोच को नकारते हैं। उनके अनुसार विकास में कोई पदानुक्रम नहीं है। आज जीवित सभी प्रजातियां-चिंपैंजी से लेकर बैक्टीरिया तक-एक-दूसरे की संबंधी हैं, जिनकी विकास-रेखाएं समान रूप से लंबी हैं; वे किसी की पूर्वज या उत्तराधिकारी नहीं हैं। इसके बावजूद आदिम जैसी अवधारणाएं वैज्ञानिक पत्रिकाओं और विज्ञान पत्रकारिता में अब भी दिखाई देती हैं। मैंने अपनी नयी पुस्तक अंडरस्टैंडिंग द ट्री ऑफ लाइफ में लिखा है कि किसी भी वर्तमान प्रजाति को आदिम, प्राचीन या सरल कहना मूलतः भ्रामक है और विकास का इतिहास जटिल, गैर-पदानुक्रमित और परस्पर जुड़ा हुआ है। अंडे देने वाले स्तनधारी मोनोट्रीम कहलाते हैं।


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25
प्रगतिशील युवा
विकसित छत्तीसगढ़
खेल प्रोत्साहन योजना लागू, ओलंपिक विजेताओं के लिए ₹1-3 करोड़ का पुरस्कार और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल ढांचे का विकास
सरकारी नौकरियों में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट, लगभग 32,000 पदों पर भर्ती
नवा रायपुर में क्रिकेट अकादमी की स्थापना हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को 7.96 एकड़ भूमि आवंटित
160 आईटीआई को मॉडल संस्थान में बदलने हेतु ₹484 करोड़ स्वीकृत
राज्य में युवा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्यम क्रांति योजना
34 नगरीय निकायों में "नॉलेज बेस्ड सोसाइटी" हेतु लाइट हाउस निर्माण की पहल
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
सुशासन से समृद्धि की ओर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

## ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाई, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

### कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

### ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।


कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1. गुजर सके हर एक वस्तु से पर नजरों से गुम, कहो कौन-सी किरणें हैं ये जल्दी बूझो तुम।
2. एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है बिजली से है चलता, चित्र खींचता, खेल खिलाता गणनाएं भी करता।।
3. चाहे हो ये दाएं-बाएं अथवा ऊपर-नीचे, लोहे की चीजों को झटपट पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव


एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।


'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तरः** 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाऊस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



# 'अविनाश कॉस्मो सिटी' का भव्य शुभारंभ 14-15 फरवरी को

**रायपुर।** अविनाश ग्रुप द्वारा प्रस्तुत 'अविनाश कॉस्मो सिटी' प्लॉटिंग प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ 14 एवं 15 फरवरी को किया जा रहा है। आधुनिक शहरी सोच और प्रकृति के संतुलन के साथ विकसित यह प्रोजेक्ट परिवारों और निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प के रूप में सामने आ रहा है। परसुलीडीह, अंबुजा मॉल के पास स्थित यह परियोजना स्मार्ट प्लानिंग और बेहतर कनेक्टिविटी को ध्यान में रखते हुए विकसित की गई है। यहां से रिंग रोड, प्रमुख बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक आसानी से पहुंचा जा सकता है, जिससे यह स्थान रहने और निवेश दोनों के लिए उपयुक्त बनता है।

## फैमिली-फ्रेंडली वातावरण जैसी सुविधाएं शामिल

मास्टर प्लान के अनुसार अविनाश कॉसमोसिटी को सुव्यवस्थित लेआउट, चौड़ी आंतरिक सड़कों और भविष्य के विस्तार की संभावनाओं के साथ तैयार किया जा रहा है। परियोजना में आधुनिक क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, बच्चों




के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक किड्स प्ले एरिया, सुंदर एवं शांत मंदिर परिसर, सुव्यवस्थित बस स्टॉप, हरियाली से युक्त ओपन स्पेस तथा फैमिली-फ्रेंडली वातावरण जैसी सुविधाएं शामिल की गई हैं।

## कॉस्मो लिविंग के साथ नई सोच

अविनाश कॉसमोसिटी उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपने सपनों का घर बनाना चाहते हैं या भविष्य के लिए एक सुरक्षित और लाभदायक निवेश की तलाश में हैं। 'कॉस्मो लिविंग' की नई सोच के साथ यह प्रोजेक्ट शहर के जीवन को एक नया आयाम देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# गोदरेज एग्रोवेट ने धान के लिए नया कीटनाशक 'टकाई' किया लॉन्च




**रायपुर।** भारत की अग्रणी विविधीकृत कृषि-व्यवसाय कंपनी गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने धान की फसल के लिए नया कीटनाशक 'टकाई' लॉन्च किया है। आईएसके जापान द्वारा विकसित साइक्लेप्रिन तकनीक से युक्त यह उत्पाद धान में लगने वाले प्रमुख कीट स्टेम बोरर (तना छेदक) और लीफ फोल्डर के प्रभावी नियंत्रण के लिए विकसित किया गया है।

## धान की फसल को व्यापक सुरक्षा

कंपनी के अनुसार, जब इसे 15–30 दिन बाद रोपाई (डीएटी ) पर 160 मिली की मात्रा में तथा पुनः 40–60 डीएटी के दौरान प्रयोग किया जाता है, तो यह धान की फसल को लंबे समय तक व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है। कंपनी मक्का, मिर्च, पत्तागोभी, सोयाबीन, चना और गन्ना फसलों के लिए भी टकाई के लेबल अनुमोदन की प्रक्रिया में है।

## कंपनी फसल सुरक्षा समाधान देने प्रतिबद्ध

गोदरेज एग्रोवेट के एमडी एवं सीईओ सुनील कटारिया ने कहा,भारतीय धान किसान की सफलता में प्रभावी कीट प्रबंधन निर्णायक भूमिका निभाता है। टकाई के माध्यम से हम किसानों को ऐसा समाधान देना चाहते हैं जो तेज़ी से कीटों को नियंत्रित करे और लंबे समय तक प्रभावी रहे, जिससे फसल का स्वास्थ्य बेहतर हो। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी किसानों को ऐसे फसल सुरक्षा समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो पर्यावरणीय और बाजार संबंधी चुनौतियों से निपटने में सहायक हों।

# एक्सिस बैंक ने एमएसएमई के लिए उच्च लोन-टू-वैल्यू और उसी दिन वितरण वाली गोल्ड लोन सुविधा शुरू की

**रायपुर।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अपनी गोल्ड लोन योजना लॉन्च की है। यह एक सुरक्षित ओवरड्राफ्ट सुविधा है, जिसके तहत छोटे कारोबारी अपने मौजूदा स्वर्ण आभूषणों के बदले त्वरित, लचीली और न्यूनतम दस्तावेज़ी प्रक्रिया के साथ नकदी प्राप्त कर सकते हैं। यह उत्पाद व्यक्तिगत उद्यमियों और एकल स्वामित्व वाले व्यवसायों के लिए उपलब्ध है, चाहे वे एक्सिस बैंक के पुराने ग्राहक हों या नए। यह सुविधा देशभर की 3300 से अधिक गोल्ड-लोन सक्षम शाखाओं में शुरू की गई है। पात्र ग्राहक काउंटर पर ही उसी दिन (ओटीसी) ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी। ऋण राशि 50,000 से लेकर 1 करोड़ तक होगी, जो पात्रता और बैंक की आंतरिक नीतियों पर आधारित होगी। दस्तावेज़ों की आवश्यकता केवल केवाईसी, उद्यम पंजीकरण या असिस्ट प्रमाणपत्र तथा आईटीआर या जीएसटी पंजीकरण तक सीमित है। यह सुविधा स्वर्ण आभूषणों के बदले ओवरड्राफ्ट के रूप में दी जाएगी, जिसमें उधारकर्ताओं को केवल मासिक ब्याज का भुगतान करना होगा। इस उत्पाद में 82% तक का लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) दिया जाएगा, जो उद्योग की सामान्य पेशकशों से अधिक है और पूरी तरह नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप है।

# स्मार्ट बाजार एक्सचेंज लॉन्च, ग्राहकों को मिलेगा अधिक बचत का अवसर




**मुंबई।** भारत के भरोसेमंद किफ़ायती रिटेल डेस्टिनेशन स्मार्ट बाज़ार ने देशभर में अपना अब तक का सबसे बड़ा 'स्मार्ट बाजार एक्सचेंज' अभियान शुरू किया है। इस राष्ट्रव्यापी पहल का उद्देश्य परिवारों को रोजमर्रा की ज़रूरतों की खरीदारी में अधिक बचत और सुविधा प्रदान करना है। अभियान का स्लोगन है—'पुराना बेचो महंगा, और नया खरीदो सस्ता।

*पुरानी चीजें आकर्षक दर होंगी एक्सचेंज : इस अनूठी पहल के तहत ग्राहक स्मार्ट बाजार स्टोर्स पर पुराने अखबार, इस्तेमाल किए हुए कपड़े और पुराने बर्तन 100 रु प्रति किलो की आकर्षक दर से एक्सचेंज कर सकते हैं। यह मूल्य बाजार में उपलब्ध प्रतिस्पर्धी दरों में से एक माना जा रहा है। एक्सचेंज की गई राशि ग्राहकों को स्टोर कूपन के रूप में दी जाएगी, जिसका उपयोग किराना, घरेलू सामान और फैशन उत्पादों सहित विभिन्न श्रेणियों में किया जा सकेगा।*

*अतिरिक्त सामान को बचत में बदलने का अवसर : स्मार्ट बाजार के सीईओ दामोदर मॉल ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य परिवारों को उनके मासिक खर्चों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में सहायता देना है। उन्होंने बताया कि यह पहल ग्राहकों को पारदर्शी और सरल तरीके से अतिरिक्त सामान को बचत में बदलने का अवसर देती है।*

# कचना के 'द पार्कसाइड' में भूमि पूजन के साथ शिव मंदिर निर्माण की शुरुआत



**रायपुर।** कचना स्थित 'द पार्कसाइड' परिसर में प्रस्तावित शिव मंदिर के निर्माण हेतु भूमि पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। खुले आसमान और हरियाली के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रहवासी परिवारों ने भाग लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने हवन में आहुति दी और सामूहिक रूप से मंदिर निर्माण की शुरुआत का साक्षी बने। डेवलपर ऋषभ बिल्डर्स पिछले 25 वर्षों से क्षेत्र में आवासीय परियोजनाएं विकसित कर रहा है। मंदिर निर्माण से परिसर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया आयाम मिलने की उम्मीद जताई गई है।

## सामूहिक रूप से मनाते हैं त्यौहार

यह पहल परिसर में सामुदायिक एकता को और सुदृढ़ करेगी। 15 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस प्रोजेक्ट में वर्तमान में 250 से अधिक परिवार निवासरत हैं। यहां विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक पर्व होली, दिवाली, गणेश चतुर्थी, दांडिया और अन्य उत्सव सामूहिक रूप से मनाए जाते रहे हैं।

# मुक्त व्यापार समझौते से भारत और यूरोपीय संघ के जैविक खाद्य कारोबारियों की बढ़ीं उम्मीदें



एजेंसी ▶▶| न्यूर्नबर्ग (जर्मनी)

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के जैविक खाद्य कारोबारियों ने हाल में घोषित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर सकारात्मक रुख जताया और कहा है कि इससे दोनों पक्षों को बाजार तक बेहतर पहुंच मिलेगी तथा इस क्षेत्र में बड़े अवसर उत्पन्न होंगे। स्थायी खाद्य क्षेत्र से जुड़ी करीब 2,200 कंपनियां चार दिवसीय 'बायोफैच 2026' में अपने उत्पाद प्रदर्शित कर रही हैं। इनमें भारत के 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हैं। यह जैविक खाद्य उत्पादों का दुनिया का प्रमुख व्यापार मेला है, जो न्यूर्नबर्ग प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित हो रहा है। मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। यह मेला ऐसे समय हो रहा है जब भारत और 27 देशों वाले यूरोपीय संघ ने लगभग दो दशकों की बातचीत के बाद 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता पूरी होने की घोषणा की है। इसके करीब एक साल में हस्ताक्षरित और लागू होने की संभावना है।

## समझौते से व्यापार बढ़ाने में मिलेगी मदद

*मेले में भारतीय 'इंडिया कंट्री पैवेलियन' का उद्घाटन वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर मणिपुर के अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक देवांगन, बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास में मंत्री (कार्मिक) मंदीप सिंह तुली तथा सहकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव रमण कुमार भी मौजूद थे।*

## समझौता ईयू में 60 अरब डालर के खोलता है अवसर

*जैविक खाद्य क्षेत्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता भारतीय जैविक उत्पाद निर्यातकों के लिए ईयू में करीब 60 अरब डॉलर के अवसर खोलता है। वहीं इससे ईयू देशों को भारत के 140 करोड़ उपभोक्ताओं का बाजार भी मिलेगा। समझौते के तहत द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए दोनों पक्ष सैकड़ों वस्तुओं पर आयात शुल्क खत्म या कम करेंगे।*

# सरकार ने ई-सिगरेट प्रतिबंध पर नहीं दी कोई ढील, प्रतिबंध जारी रहेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध में ढील देने से इनकार कर दिया है, जिससे हीट-नॉट-बर्न तंबाकू उत्पादों पर रोक बरकरार है। इससे फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल द्वारा ऐसे उपकरणों की अनुमति देने के लिए चलाए जा रहे निजी लॉबिंग अभियान को झटका लगा है। केंद्र सरकार ने 2019 में हीटेड तंबाकू उत्पाद समेत ई-सिगरेट पर प्रतिबंध लगा दिया था। हर साल 100 अरब से अधिक की सिगरेट बिक्री के साथ मात्रा के हिसाब से भारत 7वां सबसे बड़ा बाजार है।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिया यह जवाब

*सबसे मूल्यवान तंबाकू कंपनी फिलिप मॉरिस को उम्मीद थी कि भारत उसके हीटेड टोबैको डिवाइस आईक्यूओएस के लिए एक प्रमुख बाजार बन सकता है, जिसे कंपनी धूम्रपान से कम हानिकारक बताती है।*


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No. 03-15/W/1623 Raipur, date: 10.02.2026

**SHORT TERM E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU&PC/ HTPS-KW/ W/2025/124 | Ash utilization by disposal of ash in eco-friendly manner in low laying area and abandoned quarry from Dindolbhata ash dyke of 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West | 454.03 Lacs | 4,54,100/- | 04 Months | 81000 49362 |

Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 18.02.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 20.02.2026 (up to 16:00) Hrs respectively. The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj /portal.
Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST.(ii)In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder.(iii)Maintenance period for the work shall be 12 months.(iv) Subletting of contract will not be allowed.

//Save Electricity//
Chief Engineer (Civil) AU & PC, CSPGCL, Raipur



**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक/4131/स्वा.वि./न.पा.नि./2026 अम्बिकापुर, दिनांक 12/02/2026

**ई. प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर के स्वास्थ्य शाखा द्वारा निकाय क्षेत्रान्तर्गत न्यायालय परिसर के भीतर साफ–सफाई, कचरा उठाव व परिवहन कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा सिस्टम टेंडर नंबर 185468 के द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई. प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम अम्बिकापुर



**कार्यालय नगरपालिक निगम, जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)**
शांतिनगर, वार्ड क्र. 25, बस स्टैण्ड रोड, जगदलपुर
E-Mail - jagdalpurnagarnigam@yahoo.com, Website-nagarnigamjagdalpur.in, Phone No.- 07782-221055

**// वीर सावरकर भवन / नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीमिंगपूल) सह लॉन का संचालन करने हेतु रूचि कि अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना पत्र //**

क्रमांक/3173/नपानि/रा.शा./2026 जगदलपुर, दिनांक 11/02/2026

नगरपालिक निगम, जगदलपुर के अंतर्गत वीर सावरकर भवन/ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीमिंगपूल) सह लॉन का संचालन करने हेतु बंद लिफाफा पद्धति से किये जाने हेतु कोरा निविदा प्रपत्र, दिनांक 13-02-2026 से 10-03-2026 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय के राजस्व शाखा में पहुँचकर प्राप्त किये जा सकतें है। मोहर बंद निविदाओं को दिनांक 13-03-2026 को अपरान्ह 4:00 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक से बंद लिफाफा पद्धति के आधार पर आमंत्रित है । प्राप्त निविदाओं को उसी तिथि 13-03-2026 को शाम 5:00 बजे उपस्थित निविदादाता एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी । निविदा का विवरण निम्नानुसार है -

| स. क्र. | निविदा कार्य का विवरण | सरकारी आफसेट दर | धरोहर राशि | संचालन की अवधि | निविदा फार्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीर सावरकर भवन का संचालन | 18 लाख प्रति वर्ष | 180000.00 | 5 वर्ष | 5000.00 |
| 2 | नेताजी सुभाषचन्द्र बोस तरणताल (स्वीमिंगपूल) सह लॉन को मासिक किराया में संचालन हेतु | 75 हजार मासिक किराया | 5 लाख | 5 वर्ष | 5000.00 |

नोट :- अधिक जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर राजस्व / बाजार शाखा में तथा निगम के वेब साईट से प्राप्त कर सकते है ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, जगदलपुर

S-46876/1



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**
Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**ड्रायवर**
आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009. (RO-524)

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए बैटरी ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए लोकल दुर्ग भिलाई घूमना है भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइसेंस एवं स्मार्टफोन अनिवार्य कार्य लंबे समय के लिए संपर्क 810 3933373.(आरो नं.-223)

**सेलून कार्य**
आवश्यकता है- आई. आई. एम . रायपुर ग्लो स्टूडियो सेलून में सेलून कार्य हेतु एक अनुभवी लड़के आवश्यकता हैं । सैलरी- 5000 - 10000 के बीच प्रतिमाह संपर्क करे- मोबाइल नंबर 7000828574. (आरो-A)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**
आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (आरो-527)

**मशीन ऑपरेटर**
आवश्यकता है- वायर ड्राइंग मशीन चलने वाले अनुभवी ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क करे - 8889995518, 9589070070, 7974007179.(RO-484)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- जनरल दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। वेतन 9900 रूपये, अपने परिचय पत्र के साथ मिले- श्री कृष्णा मार्केटिंग, पेटी लाईन, गोल बाजार, रायपुर, फोन: 7224926767. (आरो-052)

**ऑफिस कार्य**
शीघ्र आवश्यकता- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। आयु 18से 30 वर्ष वेतन 9000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-, 9165407080, 6261667355. (आरो-529)

**सेल्स एक्जीकेटिव**
आवश्यकता है- रीजॉय सोलर पावर में सेल्स एग्जीक्यूटिव, वीडियो एडिटर/ वीडियोग्राफर ,पता- प्रगति नगर मार्केट रिसाली भिलाई ,नियर होटल समाइरा इन मो .9770577527.(आरो न.-220)

हरिभूमि

**टीचर**
Wanted- A Female School Teacher From DPS, KPS, N.H. Goel, Gyan Ganga School For 10th Class Student Salary 20,000/- p.m. Place- Shankar Nagar Raipur mobile 8827674988, 7224993938. (RO-6668)

WANTED PRINCIPAL- B.ED, PG, 3 YEAR EXPERIENCE- ENGLISH MEDIUM ADMINISTRATOR- PG, TEACHERS B.ED, D.ELD, EXPERIENCES FOR BOTH BRANCH CONTACT- SAI PUBLIC SCHOOL PANDRIPANI MO.- 8319371342 (आरो-222)

**वेटर**
आवश्यकता है- वेटर चाहिए रूम सर्विस कार्य हेतु वेटर होटल गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर के लिए चाहिए, वेतन योग्यतानुसार संपर्क प्रात: 10 से 5 बजे तक- मोबाइल 9300098443, 9993044133.(RO- 1450)

**मिस्त्री**
आवश्यकता है- मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000) एवं होटल में काम करने हेतु लड़के चाहिए (लड़के का वेतन 9000 से 18000) पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234.(RO-39887)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु कार्य**
आवश्यकता है- घरेलु काम एवं खाना बनाने के लिए महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार पता- कालीबाड़ी रायपुर संपर्क करें - 9827140065. (RO-6671)

**ऑफिस कार्य**
शीघ्र आवश्यकता है - ऑफिस कार्य हेतु लड़कियां व औरतें (Girls or Ladays ) लड़कियों व औरतों की तुरंत आवश्यकता है । योग्यता- 5वी, 8वी, 10वी, ग्रेजुएशन सभी मान्य है । पता - भिलाई पावर हाऊस तीन दर्शन मंदिर के पास (छ.ग.) संपर्क करें- मो. 9630371527, 9516251160. (RO-6672)

आवश्यकता है- रायपुर देवेन्द्र नगर में ऑफिस कार्य के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन 6000 से 7000 तक सम्पर्क करें- 9579931943. (RO-39937)

**पैकिंग कार्य**
आवश्यकता है- चायपत्ती के पैकिंग कार्य के लिए लड़की व लेडिस एवं लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें - 74699-80000, 0771-4075490.(RO-6670)

**दुकान कार्य**
आवश्यकता है- होलसेल दुकान में लड़कों एवं लड़कियो की आवश्यकता कंप्यूटर कार्य मे दक्ष समय सुबह 10 से 9, संपर्क श्री कृष्णा टेंट एजेंसी अश्वनीनगर लाखेनगर ढाल रायपुर 9893231252. (RO-151)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- सदर बाजार रायपुर स्थित दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है । संपर्क करें Mob. 8982763630. (RO-526)

**ऑफिस बॉय**
आवश्यकता है- सदर बाजार हलवाई लाइन में (जामा मस्जिद के पास) ऑफिस कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय (लड़के) की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:- 9754808388.(RO-7390)

**ऑपरेटर/अकाउन्टेंट**
आवश्यकता है- बर्जर पेंट्स शॉप में एक कंप्यूटर ऑपरेटर/ एकाउंटेंट (male/female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतनुसार अमृत सेल्स कॉर्पोरेशन, स्टेशन रोड, रायपुर मोब: 9827174205. (RO-483)

**Property प्रापर्टी**

**फर्नीचर**
बेचना है- फर्नीचर बेचना है सुपर मार्केट फर्नीचर बेचना है रैक, शेल्फ व कंप्यूटर किसी भी रिटेल दुकान के लिए उपयुक्त, वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें प्रात 10:30 से 5:00 तक संपर्क- 8815858185. (RO-7391)

**मकान**
मकान बेचना है- दुर्ग शहर के टॉप लोकेशन न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर, वृंदावन नगर में 2BHK, 3BHK, 4BHK मकान उपलब्ध एवं बोरसी में 700/-से 2200/- रुपए फिट तक के प्लाट उपलब्ध फाइनेंस सुविधा के साथ संपर्क - 7888098366.(आरो न.-10376)

क्लासीफाईड

**कृषि भूमि**
बेचना है- कृषि भूमि 9.78 एकड़ 4 मोटर पंप, अर्जुंदा से डंगनिया दुर्ग रोड पर। राइस मिल, पोल्ट्री फार्म, औद्योगिक उपयोग हेतु अति उत्तम। संपर्क- 97524 - 08700. (आरो न.-221)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**हमारा अशियाना**




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## इशान, पंड्या और चक्रवर्ती चमके, नामीबिया को 93 रन से रौंदा

# भारत ने रचा इतिहास, टी-20 विश्व कप में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज इशान किशन और हार्दिक पंड्या के तूफानी अर्धशतक के बाद वरुण चक्रवर्ती के फिरकी के जादू से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के एकतरफा मैच में बृहस्पतिवार को यहां नामीबिया को 93 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टी-20 विश्व कप में यह रनों के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारत ने 2012 के संस्करण में इंग्लैंड को 90 रन से हराया था।

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में इशान (61 रन, 24 गेंद, पांच छक्के, छह चौके) और पंड्या (52 रन, 28 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक से भारत ने नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जिसके जवाब में नामीबिया की टीम चक्रवर्ती (सात रन पर तीन विकेट), (21 रन पर दो विकेट) और अक्षर पटेल (20 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.2 ओवर में 116 रन पर सिमट गई।



### ईशान किशन ने रचा इतिहास

पारी की शुरुआत करने आए किशन ने 24 गेंदों में 61 रन बनाए। वह टी-20 विश्व कप के इतिहास में अर्धशतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बने। बता दें कि टी-20 विश्व कप 2007 में महेंद्र सिंह धोनी ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन की पारी खेली थी। 2024 में खेले गए पिछले संस्करण में ऋषभ पंत ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ 42 रन बनाए थे।

### पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन बने प्लेयर ऑफ द मैच

भारत ने जब 120 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब पांड्या क्रीज पर आए। उन्होंने नामीबिया की कम अनुभवी गेंदबाजी के सामने आकर्षक शॉट लगाए। अरुण जेटली स्टेडियम में भारतीय ऑलराउंडर ने 27 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। वह 28 गेंदों में 52 रन बनाकर आउट हुए। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होंने 4 चौके और इतने ही छक्के भी लगाए। गेंदबाजी में उन्होंने 21 रन देते हुए 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### इस तरह से जीती भारतीय टीम

भारत को संजू सैमसन (22) और किशन (61) ने आक्रामक शुरुआत दिलाई। इसके बाद तिलक वर्मा (25), शिवम दुबे (23) और पांड्या (52) ने मिलकर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 4 विकेट लिए। चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लौरेन स्टीनकैंप (29) और जान फ्राइलिंक (22) ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद निरंतर गिर रहे विकेटों के बीच नामीबिया की टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| इशान का शिकोंगो बो इरास्मस | 61 | 24 | 6 | 5 |
| सैमसन का स्टीनकैंप बो शिकोंगो | 22 | 08 | 1 | 3 |
| तिलक वर्मा का स्मिट बो इरास्मस | 25 | 21 | 3 | 0 |
| सूर्यकुमार स्टं ग्रीन बो स्कोल्ट्ज | 12 | 13 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या का स्था. बो इरास्मस | 52 | 28 | 4 | 4 |
| शिवम दुबे रन आउट | 23 | 16 | 1 | 1 |
| रिंकू सिंह का इरास्मस बो स्मिट | 01 | 06 | 0 | 0 |
| अक्षर पटेल बो इरास्मस | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 10, कुल: 20 ओवर में 209/9 रन
गेंदबाजी: ट्रंपलमैन 4-0-38-0, शिकोंगो 3-0-41-1, स्मिट 4-0-50-1, हेइंगो 1-0-18-0, इरास्मस 4-0-20-4, स्कोल्ट्ज 4-0-41-1 4-0-38-1.

| नामीबिया | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| लॉरेन स्टीनकैंप बो चक्रवर्ती | 29 | 20 | 3 | 1 |
| जेन फ्राइलिंक का दुबे बो अर्शदीप | 22 | 15 | 3 | 1 |
| जेन निकोल का अक्षर को चक्रवर्ती | 13 | 13 | 1 | 0 |
| गेरहार्ड इरास्मस का तिलक बो अक्षर | 18 | 11 | 0 | 2 |
| जेजे स्मिट बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जेन ग्रीन हिट विकेट दुबे | 11 | 19 | 0 | 0 |
| मलान क्रूगर का बुमराह बो अक्षर | 05 | 10 | 1 | 0 |
| रूबेन ट्रंपलमैन बो बुमराह | 06 | 16 | 0 | 0 |
| बर्नार्ड स्कोल्ट्ज का अक्षर बो पंड्या | 04 | 04 | 1 | 0 |
| बेन शिकोंगो पगबधा बो पंड्या | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मैक्स हेइंगो नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 08, कुल:18.2 ओवर में 116/10 रन
गेंदबाजी: पंड्या 4-0-21-2, अर्शदीप 3-0-36-1, दुबे 2.2-0-11-1 बुमराह 4-0-20-1, चक्रवर्ती 2-0-7-3, अक्षर 3-1-20-2

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रनों से हराया



पल्लीकल। टी-20 विश्व कप 2026 के 16वें मुकाबले में श्रीलंका क्रिकेट टीम ने ओमान क्रिकेट टीम को 105 रनों से हरा दिया। ये टी-20 विश्व कप के इतिहास में श्रीलंका की रनों के लिहाज से मिली दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने साल 2007 में केन्या क्रिकेट टीम को 172 रन से हराया था। नीदरलैंड क्रिकेट टीम को श्रीलंका 2024 के विश्व कप में 83 रन से हरा चुकी है। ओमान ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उनका ये फैसला गलत साबित हुआ। श्रीलंका के लिए पवन रत्नायके (60), कुसल मेंडिस (61) और दासुन शनाका (50) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली और 225/5 का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में ओमान के लिए कोई भी बल्लेबाज मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाया। मोहम्मद नदीम ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। ओमान की पूरी टीम 120/9 का स्कोर ही बना पाई।

### मेंडिस 2,500 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने

मेंडिस ने 45 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाए। उनके बल्ले से 7 चौके निकले और उनकी स्ट्राइक रेट 135.56 की रही। इस पारी के दौरान उन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 2,500 रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले श्रीलंका के पहले बल्लेबाज बने हैं। इस प्रारूप में 2,000 से ज्यादा रन बनाने वाले अन्य श्रीलंकाई बल्लेबाज केवल पथुम निसांका और कुसल परेरा हैं। मेंडिस के बल्ले से 102 पारियों में 2,542 रन निकले हैं।

## टी-20 विश्व कप में इटली ने दर्ज की अपनी पहली जीत, नेपाल को दी शिकस्त



### इटली ने आसानी से जीता मैच

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल ने 49 रन तक अपने 3 विकेट गंवाए। इसके बाद भी नेपाल के विकेटों के गिरने का क्रम जारी रहा। इस बीच आरिफ शेख ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अंत में करन केसी ने 11 गेंदों में 18 रन का योगदान देते हुए टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। जवाब में इटली को जस्टिन मोस्का (61*) और एंथनी मोस्का (61*) ने अर्धशतक लगते हुए जीत दिलाई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टी-20 विश्व कप 2026 के 17वें मैच में इटली क्रिकेट टीम ने नेपाल क्रिकेट टीम को 10 विकेट से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए मुकाबले में नेपाल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 123 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम ने 13वें और में लक्ष्य हासिल किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए इतिहास रच दिया। दरअसल, यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में 2 भाइयों द्वारा बनाई गई पहली शतकीय साझेदारी है।

### जस्टिन और एंथनी ने लगाए अर्धशतक

लक्ष्य का पीछा करते हुए जस्टिन मोस्का और एंथनी मोस्का ने अपने-अपने अर्धशतक लगाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज जस्टिन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय का अपना चौथा अर्धशतक 37 गेंदों में पूरा किया। वहीं, एंथनी ने भी अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का चौथा अर्धशतक सिर्फ 28 गेंदों में पूरा किया। मोस्का बंधुओं ने शतकीय साझेदारी करते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की।




**छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर**
मुख्यालय 'सहकार भवन', प्लॉट नं.-74, सेक्टर-24, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.) 492002
Website : www.cgapexbank.com | Email : cg.apexbank.ho@gmail.com

छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रं. 10547 — दिनांक : 12.02.2026

**छ.ग. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 04 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन तिथि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 2167 दिनांक 15.09.2023 के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (आई.टी./ प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक- (2) (कन्सट्रक्शन / मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर में उप प्रबंधक (उप यंत्री), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) के पद पर सीधी भर्ती के कुल 23 रिक्त पदों भर्ती हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा दिनांक 07.09.2025 को आयोजित किया गया। उक्त भर्ती परीक्षा का परिणाम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 02.02.2026 को घोषित किया गया है। ऐसे अभ्यर्थी जो भाग-1 परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक या उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं, उन्हें पात्र मानते हुए उनके द्वारा लिखित परीक्षा (भाग-2 एवं भाग-3) में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट सूची का प्रकाशन, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapam.cgstate.gov.in पर किया गया है।

उक्त मेरिट सूची के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (आई. टी./ प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक-(2) (कन्सट्रक्शन / मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ) एवं कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) के पात्र अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 25.02.2026 को रखा गया है। दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत अंतिम रूप से पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसकी तिथि पृथक से घोषित कर सूचित की जायेगी।

दस्तावेजों के सत्यापन हेतु तिथि, स्थान एवं अन्य आवश्यक निर्देश, छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर की वेबसाईट www.cgapexbank.com पर उपलब्ध होंगे।

प्रबंध संचालक
छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

### मेस्सी चोटिल, इंटर मियामी के पहले मैच में खेलना संदिग्ध



फोर्ट लॉडरडेल। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है जिसके कारण उनका इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस कप में 21 फरवरी को एलएएफसी के खिलाफ होने वाले सत्र के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। एमएलएस के लगातार दो बार के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मेस्सी ने पिछले सप्ताहांत इक्वाडोर में सत्र से पहले खेले गए मैच में एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ के लगभग 12 मिनट बाद उन्हें संभवतः हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था।

## भारत का मुकाबला जापान, ऑस्ट्रेलिया, लेबनान से

अंडर-17 महिला एशिया कप



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को चीन में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार बार के चैंपियन जापान, ऑस्ट्रेलिया और लेबनान के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। किर्गिज़ गणराज्य और उज्बेकिस्तान को हराकर 21 वर्षों में पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जिसके बाद वह जापान और लेबनान का सामना करेगी।

चीन में यह टूर्नामेंट एक से 17 मई तक सूज़ौ शहर में सूज़ौ स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम और सूज़ौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

### ग्रुप ए और सी में ये देश शामिल

मेजबान चीन को थाईलैंड, वियतनाम और म्यांमार के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। ग्रुप सी में उत्तर कोरिया, कोरिया गणराज्य, फिलीपींस और चीनी ताइपे शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

## आधुनिक शतरंज में खेल की गहरी समझ ही असली निर्णायक

एजेंसी ▶▶| मदुरै



पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को यहां कहा कि ऐसे युग में जहां खिलाड़ी कंप्यूटर से मिलने वाली सहायता से अभिभूत हैं तब खेल की गहरी समझ आधुनिक शतरंज में एकमात्र असली निर्णायक कारक बन गई है। आनंद ने तीन दिवसीय शतरंज कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में कहा, ''दिलचस्प बात यह है कि आपको जितना अधिक ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है, उतना ही कम आप जान पाते हैं। यदि हर दिन आपको 20-30 नए निष्कर्ष मिलते हैं तो आप उन्हें कैसे समझ पाएंगे। मेरा मानना है कि आज के शतरंज खिलाड़ियों को अलग करने वाली एकमात्र चीज गहरी समझ है। बारीकियों को समझना ही कौशल कई साल पहले जब आनंद ने कंप्यूटर का उपयोग करना सीखा था, तब का उदाहरण देते हुए इस ग्रैंडमास्टर ने कहा कि नए विचारों के प्रति खुला रहना मददगार होता है।

**यूको बैंक UCO BANK** (भारत सरकार का उपक्रम) सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust
**यूको बैंक : अंचल कार्यालय**
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.gad@uco.bank.in

**कार्यालय / शाखा परिसर की आवश्यकता**

बैंक 1000-1200 वर्गफुट क्षेत्रफल वाला परिसर किराए पर लेना चाहता है, अधिमानतः भूतल पर, किसी प्रमुख स्थान पर परिसर की आवश्यकता निम्नलिखित केंद्रों में है :

| क्रं. | शाखा / कार्यालय | पसंदीदा स्थान | जिला | कारपेट एरिया (वर्गफीट) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बलरामपुर | बलरामपुर- शहर (बाजार क्षेत्र) | बलरामपुर | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 2 | खैरागढ़ | खैरागढ़ शहर (बाजार क्षेत्र) | खैरागढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 3 | मनेन्द्रगढ़ | मनेन्द्रगढ़ - शहर (बाजार क्षेत्र) | मनेन्द्रगढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 4 | मोहला | मोहला शहर (बाजार क्षेत्र) | मोहला मानपुर | 1000 से 1200 वर्गफीट |
| 5 | सारंगढ़ | सारंगढ़ - शहर (बाजार क्षेत्र) | सारंगढ़ | 1000 से 1200 वर्गफीट |

विवरण यूको बैंक अंचल कार्यालय, छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, प्रथम तल, तेलीबांधा, रायपुर, प्रथम तल, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)-492006, दूरभाष :- 9090212938 से प्राप्त कर सकते हैं या हमारे बैंक की वेबसाइट www.uco.bank.in से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में आवेदन की अंतिम तिथि 28.02.2026 शाम 5.00 बजे तक है।

दिनांक : 12.02.2026
स्थान : रायपुर
अंचल प्रमुख, रायपुर

## चेन्नई ओपन : पूनाचा- इसारो की जोड़ी सेफा में

एजेंसी ▶▶| चेन्नई




पूर्व चैंपियन सुमित नागल बृहस्पतिवार को यहां चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर के दूसरे दौर में रूस के पेट्र बार बिरयुकोव से हारकर बाहर हो गए। भारत के नंबर एक खिलाड़ी नागल को विश्व रैंकिंग में 305 नंबर पर काबिज बिरयुकोव से दो घंटे छह मिनट तक चले मुकाबले में 6-4] 6-7 3-6 हार मिली। युगल मुकाबलों में शीर्ष वरीय निकी पूनाचा और प्रयुच्या इसारो ने वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले लोहिथाक्शा बथीनाथ और अभिनव संजीव शानमुगम को 6-4, 6-1 से हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। अब उनका सामना हमवतन एसडी प्रज्वल देव और नितिन सिन्हा की जोड़ी से होगा। वहीं दूसरी वरीय सिद्धांत बांठिया और साकेत मायनेनी की जोड़ी दिन के अंतिम क्वार्टरफाइनल में शशिकुमार मुंकुद और जे क्लार्क से 5-7, 4-6 से हारकर बाहर हो गई। दिन के सबसे लंबा मैच चौथे वरीय इलिया सिमाकिन और ऑस्ट्रेलिया के फिलिप सेकुलिच के बीच हुआ जो करीब तीन घंटे तक चला।

## खेलो इंडिया का दूसरा चरण 23 से गुलमर्ग में

नई दिल्ली। खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का दूसरा चरण 23 से 26 फरवरी तक गुलमर्ग में खेला जायेगा जिसमें करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पहला चरण 20 से 26 जनवरी के बीच लद्दाख में खेला गया था । मांडविया ने कहा लेह में पहला चरण काफी कामयाब रहा था जिसमें फिगर स्केटिंग को शामिल किया गया था। गुलमर्ग में चार पदक खेलों स्की पर्वतारोहण, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग (क्रॉसकंट्री) और स्नोबोर्डिंग की स्पर्धायें होंगी। पिछली बार भारतीय सेना ने सर्वाधिक 18 पदक जीते थे जबकि हिमाचल प्रदेश दूसरे, लद्दाख, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तीसरे स्थान पर रहे थे।

**ई-नीलामी सूचना**
ऋणवसूली अधिकरण, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर-(मप्र) 482001

**Case No. : RC/117/2024 / ओ.ए. नं. 196/2020**
**ई-नीलामी क्रमांक 30/2026**

Punjab National Bank वि. NARENDRA YADAV एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC / 117/ 2024 / O.A. No. 196/2020 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.51,65,915.00 (Rupees Fifty One Lakh Sixty Five Thousand Nine Hundred Fifteen only) तथा टर्म लोन खाते पर 11.00 प्रतिशत प्रति वर्ष और ओवरड्राफ्ट लोन खाते पर 11.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से दिनांक 24.02.2020 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाइन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

**ई- नीलामी की तिथि एवं समय- 26/03/2026 दोपहर 12.00 से 01.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

Residential property bearing Part of Khasra No. 456/1, P.H. No.-106-B/36,situated at Mouja- Chirhuldih, Nagar Palika Nigam Area Raipur, Tehsil & District- Raipur (C.G.); area admeasuring 2295 sq.ft.
प्रारक्षित मूल्य- रूपये Rs. 51,90,000.00 (Rupees Fifty One Lakh Ninety Thousand only)

**विक्रय की शर्तें**

1. इच्छुक निविदाकर्ता, वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No.0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com 2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें। 3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें)। 4.अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये Rs. 5,19,000.00 (Rupees Five Lakh Nineteen Thousand only) है, RTGS / NEFT / MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी,ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account no. 5692799461 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with CENTRAL BANK OF INDIA, DHOBIGHAT BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: CBIN0281618) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा। 5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 24/03/2026 अथवा इसके पूर्व 17-00 बजे तक जमा करनी होगी। 6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाईडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूचि एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें। 7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू Rs. 52,000.00 (Rupees Fifty Two Thousand only); होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर रिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा। 8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है, तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जबतक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी। 9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजि करते हुए)अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका- 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी। 10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहत होंगे। 11. संपत्ति "जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगी। 12. संपत्ति का निरिक्षण दिनांक 16.03.2026 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा। 13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी। 14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा। 15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Shri Kalindra Sahu, Chief Manager, Mo. No. 9412956480 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वूसली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। 16. ई- नीलामी के संबंध मे विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No.0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com .17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Shri Kalindra Sahu, Chief Manager, Mo. No. 9412956480 से प्राप्त की जा सकती है। 18. इच्छुक निविदाकर्ता ई- नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/ बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी-1
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर, म.प्र.
स्थान- जबलपुर,
दिनांक- 06/02/2026

homefirst — We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

| क्र. सं. | ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की राशि | कब्जा की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि व समय | ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीकांत कुमार कंचन कुमारी | प.ह.नं. 103, खं. नं. 460/5, मौजा/ग्राम-जर्वे उर्फ हीरापुर, प.ह.नं. 103, खं. नं. 460/5 का हिस्सा, रा.नि.मं./ तहसील/जिला- रायपुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 चौहद्दी: उत्तर-रवि का प्लॉट, दक्षिण-चंदन का प्लॉट, पूर्व-रोड, पश्चिम-मंजू ओझा का प्लॉट। | 03-06-2025 | 9,25,502 | 07-08-2025 | 9,50,000 | 95,000 | 28-02-2026 (11 am-2pm) | 26-02-2026 (up to 5pm) | 8197388148 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता | ई-नीलामी वेबसाइट/ विवरण, अन्य नियम एवं शर्तो हेतु | खाता संख्या: ईमडी/अन्य राशि जमा करने हेतु | शाखा आईएफएससी कोड | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम : ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीस लि. (आक्शन टाईगर) हेल्प लाईन नंबर : 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति : राम शर्मा-8000023297 e-Mail id : ramprasad@auctiontiger.net and support@auctiontiger.net. | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 912020036268117 होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लि. एमआईडीसी, अंधेरी पूर्व | UTIB0000395 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि - रु. 10,000/-**। बिक्री वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी। ई-नीलामी निविदा दस्तावेज जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी बोली फॉर्म, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं, पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही इसे माना जाएगा। संपत्ति को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी प्रकार की अस्पष्टता के मामले में नोटिस का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जायेगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदार को ई-नीलामी की तिथि से पहले मांग सूचना में उल्लिखित राशि के साथ-साथ वर्तमान ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

दिनांक: 13-02-2026
स्थान: रायपुर
द्वारा हस्ताक्षरित, प्राधिकृत अधिकारी,
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड





# आसमान पर दिखेगी चमकती हुई अंगूठी, 17 फरवरी को नजर आएगा रिंग ऑफ फायर

**नई दिल्ली।** 17 फरवरी का दिन एस्ट्रोनॉमी लवर्स के लिए खास दिन होने वाला है। इस दिन साल 2026 की पहली बड़ी खगोलीय घटना यानी वलयाकार सूर्य ग्रहण होने जा रही है। इसे 'रिंग ऑफ फायर' के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि इस दौरान आसमान में सूजर एक चमकती हुई अंगूठी की तरह दिखाई देता है। हालांकि, अफसोसजनक बात ये है कि इस अद्भुत नजारे को लगभग कोई भी इंसान अपनी आंखों से नहीं देख पाएगा।

### रिंग ऑफ फायर को इंसान क्यों नहीं देख पाएंगे?

लगभग कोई भी इंसान अपनी आंखों से रिंग ऑफ फायर को नहीं देख पाएंगे। दरअसल, इसकी भौगोलिक स्थिति है। 17 फरवरी को होने वाले इस ग्रहण का मेन पाथ अंटार्कटिका से होकर गुजर रहा है, जो कि पृथ्वी के सबसे सुदूर और दुर्गम इलाकों में से एक है। इस मार्ग विशेष रूप से निर्जन बर्फीले मैदानों और दक्षिणी महासागर के ऊपर है। इसलिए वहीं कोई इंसान रह नहीं पाता, ऐसे में वहीं कोई स्थायी मानव बस्तियां भी नहीं है। इसलिए इसे केवल वहां मौजूद वैज्ञानिक केंद्रों में रह रहे रिसर्चर्स और वहां रहने वाले लाखों पेंगुइन ही देख पाएंगे। ऐसे में इसे मजाक में 'पेंगुइन का ग्रहण' भी कहा जाता है।



### क्या होता है रिंग ऑफ फायर?

रिंग ऑफ फायर को समझने के लिए पहले आपको समझना होगा कि सूर्य ग्रहण कैसे होता है? आपको बता दें, जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच आ जाता है, तब सूर्य ग्रहण होता है। ऐसे में वलयाकार या रिंग ऑफ फायर ग्रहण तब होता है, जब चंद्रमा पृथ्वी से अपनी सबसे दूर की कक्षा के करीब होता है। इसी दूरी के कारण चंद्रमा साइज में सूर्य से छोड़ा छोटा दिखाई देता है और उसे पूरी तरह ढक नहीं पाता। इसका नतीजा ये होता है कि चंद्रमा के चारों ओर सूरज का बाहरी हिस्सा एक चमकदार छल्ले या अंगूठी की तरह चमकने लगता है।

### किस समय आएगा रिंग ऑफ फायर और क्या होगी विजिबिलिटी?

रिंग ऑफ फायर केवल अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में ही दिखाई देगा। ऐसे में यह दक्षिण अफ्रीका, अर्जेंटीना के दक्षिणी हिस्से, चिली और हिंद महासागर के कुछ द्वीपों में ये आंशिक सूर्य ग्रहण के रूप में दिखेगा, जहां सूरज का एक हिस्सा कटा हुआ नजर आएगा। वहीं, भारत या एशिया के लोगों के लिए इस बार का रिंग ऑफ फायर काफी अफसोसजनक है, क्योंकि ये ग्रहण भारत या एशिया के किसी भी हिस्से में दिखाई नहीं देने वाला है।

### सावधानी बरतना जरूरी

साइंटिस्ट का कहना है कि 'रिंग ऑफ फायर' को देखते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत होती है। भले ही यह बहुत कम लोग देख पाएंगे, लेकिन जो भी इसे देख रहे हों, उन्हें कभी भी नग्न आंखों से सूरज की ओर नहीं देखना चाहिए। इसके लिए खास प्रमाणित सोलर चश्मों का इस्तेमाल करना जरूरी है, वरना आंखों की रोशनी को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप इस घटना को देखना चाहते हैं, तो दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां और वेधशालाएं इसका सीधा प्रसारण करेंगी, जिसके जरिए आप घर बैठे भी इस 'कॉस्मिक रिंग' को देख सकेंगे।

# ऊंटों के पास भी होगा पासपोर्ट!

## सऊदी अरब ने लिया ये अनोखा फैसला



**रियाद।** सऊदी अरब ने ऊंटों के लिए आधिकारिक कैमल पासपोर्ट सिस्टम लॉन्च कर दिया है। इसकी घोषणा उप पर्यावरण, जल और कृषि मंत्री मनसूर अलमुशैती ने की। यह पहल सऊदी विजन 2030 का हिस्सा है, जिसका मकसद पारंपरिक सेक्टर को आधुनिक बनाना है। सरकार चाहती है कि ऊंटों से जुड़ा पूरा तंत्र साफ, व्यवस्थित और भरोसेमंद बने।

### क्यों जरूरी था ऊंट पासपोर्ट

अरब दुनिया में ऊंट सिर्फ जानवर नहीं, बल्कि तहजीब और रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा हैं। ट्रांसपोर्ट, खेती और व्यापार में इनकी बड़ी भूमिका है। अब पासपोर्ट के जरिए हर ऊंट की पहचान, मालिकाना हक और सेहत का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। इससे खरीद-बिक्री में पारदर्शिता आएगी और गलतफहमी कम होगी।

### कैसा होगा यह कैमल पासपोर्ट




मंत्रालय के अनुसार, यह पासपोर्ट एक डिटेल्ड पहचान दस्तावेज होगा. इसमें ऊंट का माइक्रोचिप नंबर, पासपोर्ट नंबर, नाम, जन्म तिथि, नस्ल, रंग, जन्म स्थान और लिंग दर्ज रहेगा। ऊंट की दोनों तरफ से ली गई तस्वीरें भी होंगी। साथ ही टीकाकरण का पूरा रिकॉर्ड जोड़ा जाएगा, ताकि सेहत पर नजर रखी जा सके।

### क्या बदलेगा इस नए सिस्टम से

इस सिस्टम से ऊंट बाजार में नियम साफ होंगे। मालिकाना हक साबित करना आसान होगा। करीब 22 लाख ऊंटों का डिजिटल डाटाबेस बनेगा। पशुधन प्रबंधन और निगरानी मजबूत होगी। किसी बीमारी के फैलने पर तुरंत कदम उठाया जा सकेगा।

### ऊंटों को मिली आधिकारिक पहचान

यह खबर दिखाती है कि सऊदी अरब किस तरह अपनी परंपरा को तकनीक से जोड़ रहा है। कैमल पासपोर्ट सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि विरासत और भविष्य के बीच एक नया पुल है। इससे ऊंट उद्योग ज्यादा सुरक्षित, भरोसेमंद और आधुनिक बन सकेगा।

# बंजर रेगिस्तान में नहीं उगता था एक तिनका, आज उग गए 66 अरब पेड़

**बीजिंग।** चीन एक ऐसा देश है, जिसके कारनामे कई बार दुनिया को आश्चर्यचकित कर देते हैं। अब चीन ने बंजर रेगिस्तान में 66 अरब से ज्यादा पेड़ उगाकर लोगों को हैरान कर दिया है। हम बात कर रहे हैं ताकलमाकन रेगिस्तान की, जो चीन के उत्तर-पश्चिम में स्थित है और 'मौत का समुद्र' के नाम से मशहूर है। यहां कभी जीवन के कोई चिह्न नहीं मिलते थे, रेत के टीले हिलते रहते थे, लेकिन आज यहां हरा-भरा घेरा बन चुका है। चीन की ग्रेट ग्रीन वॉल या थ्री-नॉर्थ शेल्टरबेल्ट प्रोग्राम ने इसे संभव बनाया है। 1978 में शुरू हुई इस मेगा परियोजना का लक्ष्य 2050 तक गोबी और ताकलमाकन जैसे रेगिस्तानों के फैलाव को रोकना था। ताकलमाकन रेगिस्तान करीब 3,37,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जो मोंटाना राज्य जितना बड़ा है।

### बदल कर रख दिया चेहरा

1950 के बाद शहरीकरण और खेती के कारण रेगिस्तान और फैल गया था। लेकिन, चीन ने इसे रोकने के लिए 'ग्रेट ग्रीन वॉल' शुरू की, जिसमें अरबों पेड़ लगाए गए. ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक उत्तरी चीन में 66 अरब से ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं। नवंबर 2024 में चीन ने घोषणा की कि ताकलमाकन रेगिस्तान के चारों ओर 3,046 किलोमीटर लंबा हरा घेरा पूरा हो गया है। इस घेरे में रेगिस्तान-रोधी पेड़ जैसे रेड विलो, सक्सौल, डेजर्ट पॉपलर आदि लगाए गए हैं। अंतिम 100 मीटर का काम युतियन काउंटी में किया गया। इस प्रोजेक्ट से रेत के टीले स्थिर हो गए हैं और रेगिस्तान अब कार्बन सिंक बन गया है यानी यह वातावरण से ज्यादा $CO_2$ सोखता है, जितना छोड़ता है।

### चीन ने फिर प्रकृति को कर दिया हैरान!



### हैरान हुए लोग

लाइव साइंस और रॉयटर्स जैसी रिपोर्ट्स बताती हैं कि इस परियोजना से चीन का कुल वन कवर 1949 के 10% से बढ़कर 2024 में 25% से ज्यादा हो गया है। शिनजियांग प्रांत में ही वन कवर 1% से बढ़कर 5% हो गया। रेगिस्तान का फैलाव रुका है, धूल भरी आंधियां कम हुई हैं, खासकर बीजिंग जैसे शहरों में। परियोजना ने 30 मिलियन हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में पेड़ लगाए हैं, जो ब्रिटेन से बड़ा इलाका है। यह काम आसान नहीं था। शुरुआती सालों में कई पेड़ मर जाते थे, क्योंकि रेगिस्तान में पानी कम है और मिट्टी खराब है। लेकिन, चीन ने ड्रोन सीडिंग, सैटेलाइट मॉनिटरिंग, एआई और इंटेलिजेंट रोबोट्स का इस्तेमाल किया। सूखा-सहिष्णु प्रजातियां चुनी गई. झुंड में पेड़ लगाए गए, ताकि वे एक-दूसरे को सपोर्ट करें। अब यह क्षेत्र जैव-विविधता का केंद्र बन रहा है, जहां पक्षी, जानवर लौट आए हैं।

### सफल हुआ प्रॉजेक्ट

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा इकोलॉजिकल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट है। यह जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में बड़ा योगदान दे रहा है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि रेत आंधियों पर असर बहस का विषय है, लेकिन कार्बन सोखने और रेगिस्तान स्थिरीकरण में सफलता साफ है।

# इस गांव में कभी नहीं होती बारिश, फिर भी होती है बढ़िया खेती




**सना।** यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती। कल्पना कीजिए कि आप ऐसी जगह पर रहते हों जहां बारिश आपके पैरों के नीचे हो रही हो, लेकिन आपका गांव पूरी तरह सूखा रहे। यह कोई फिल्मी सीन नहीं, बल्कि हकीकत है। यमन की राजधानी सना के पास स्थित अल हुतैब गांव दुनियाभर के वैज्ञानिकों, यात्रियों और भूगोलविदों को हैरान करता है। इस गांव की सबसे खास बात यह है कि यहां कभी बारिश नहीं होती।

**आखिर क्या है राज?**

### बादलों से भी ऊपर बसा गांव

अल हुतैब समुद्र तल से करीब 3200 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। आमतौर पर बारिश वाले बादल 1500 से 2000 मीटर की ऊंचाई पर बनते हैं और वहीं बरसते हैं। लेकिन, इस गांव के मामले में बादल गांव से नीचे जमा होते हैं और घाटियों में बारिश करते हैं। यानी गांव के लोग अपने घरों के नीचे गरज-चमक और तेज बारिश का नजारा देखते हैं, जबकि उनका इलाका सूखा रहता है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां खेती भी सफलतापूर्वक की जाती है। ग्रामीण पहाड़ी ढलानों पर सीढ़ीदार खेती करते हैं। सीधे बारिश न होने के बावजूद वे पारंपरिक तरीकों से पानी इकट्ठा करते हैं। जैसे ओस, धुंध और पहाड़ों से बहकर आने वाला पानी, यह इलाका खासतौर पर उच्च गुणवत्ता वाली यमनी कॉफी के लिए प्रसिद्ध है।



# प्यार से कोसो दूर है वेलेंटाइन डे की कहानी ऐसे हुई थी इस दिन को मनाने की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इतिहासकारों के मुताबिक वेलेंटाइन डे की जड़ें प्राचीन रोम के एक त्योहार लुपेर्केलिया से जुड़ी हैं, जो फरवरी के बीच में मनाया जाता था। यह त्योहार प्यार से अलग कुछ अजीब रस्मों के लिए जाना जाता था। कहा जाता है कि इस त्योहार को पुरुषों को ताकतवर दिखाने के लिए सेलिब्रेट किया जाता था । और इसके लिए पुरुष महिलाओं के साथ बदसलूकी किया करता थे। हालांकि, 5वीं सदी में पोप गेलैसियस ने इस त्योहार को बंद करने के लिए 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन के नाम पर एक धार्मिक दिन घोषित कर दिया। लेकिन, इतिहासकारों का कहना है कि इसका कोई ठोस सबूत नहीं मिलता। यानी लुपेर्केलिया और सेंट वेलेंटाइन को जोड़ने की कहानी बाद में बनाई गई हो सकती है।




बैद्यनाथ नागपूर असली आयुर्वेद

आयुर्वेद अपनाए..स्वस्थ रहें!

असहनीय जोड़ों का दर्द
इसके लिए चाहिए एक्स्ट्रा केयर



- जोड़ों की पुरानी तकलीफ़
  - पीठ दर्द
  - घुटनों का दर्द
  - कंधो व गर्दन का दर्द
- माँसपेशियों में अकड़न और मोच




रुमार्थो गोल्ड+ कॅप्सूल
स्वर्ण भस्म युक्त

**श्रीमती शकूंतला गोयल, बिलासपूर : प्र.** मेरी बेटी की उम्र 19 वर्ष है, उसे गले में खराश के साथ बार–बार खाँसी आ रही है। कृपया उपचार बताये।

**उ. बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ दे। **बैद्यनाथ खदिरादी बटी** 1–1 टॅबलेट दिन में 3 बार चुसे तथा **बैद्यनाथ कासामृत** 2–2 चम्मच सुबह–शाम लें।

**श्री राज शाहू, दुर्ग : प्र.** मुझे 3–4 दिन से बुखार है तथा पुरे शरीर में दर्द व अकड़न लग रही है।

**उ. बैद्यनाथ महासुदर्शन काढ़ा** 3 चम्मच बराबर पानी के साथ भोजन पश्चात सुबह–शाम लें। साथ में **बैद्यनाथ महायोगराज गुग्गुलु तथा सर्वज्वरहर लौह** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन पश्चात पानी के साथ लें।

**श्री राजेश गांधी, राजनांदगांव : प्र.** मुझे 1 सप्ताह से सर्दी, जुकाम है तथा शरीर में बुखार है एसा लगता है।

**उ. बैद्यनाथ लक्ष्मीविलास रस तथा त्रिभुवनकिर्ती रस** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम भोजन के पश्चात पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ सितोपलादि चूर्ण** 1 चम्मच सुबह–शाम शहद के साथ लें।

**श्रीमती अशोक बोदनकर, रायपूर : प्र.** मेरी उम्र 58 वर्ष है, मुझे चलते समय घुटनों में बहुत दर्द होता है। उठते–बैठते कमर दर्द भी रहता है, कृपया उपचार बतायें।

**उ. बैद्यनाथ महारास्नादि काढ़ा** 3–3 चम्मच समभाग पानी के साथ सुबह–शाम भोजन के बाद लें। साथ में **बैद्यनाथ रुमार्थो टॅबलेट** 1–1 टॅबलेट सुबह–शाम पानी के साथ लें। **बैद्यनाथ रुमा ऑईल** दर्द की जगह लगायें।

वैद्य रमेश शर्मा, एम. डी. (आयु.) प्रधान वैद्य

बैद्यनाथ के दवाइयों के साथ जानकारी हेतू सेवनविधी दी है। इस का प्रयोग वैद्यकिय परामर्श से करें।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 844 844 4935 I www.baidyanath.co

# 70 साल की उम्र में दीपाली चलाती हैं अपना टूटा-फूटा भोजनालय

**नई दिल्ली।** हमारी भागती-दौड़ती जिंदगी में हम छोटी-छोटी बातों पर परेशान हो जाते हैं और कई बार हार मानकर बैठ जाते हैं। ऐसे में कुछ कहानियां हमें जगाने के लिए आती हैं और हमें अंदर तक झकझोर देती हैं। ये कहानियां हमें ये सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि क्या हमारा जीवन वाकई में उतना परेशानी वाला है, जितनी परेशानी दूसरे लोग सहन कर रहे हैं? ऐसी ही कहानी है बंगाल की 70 साल की दीपाली घोष की, जिनकी असाधारण मेहनत और संघर्ष हमें ये सिखाता है कि कोई भी परेशानी आपके हौसले से बड़ी नहीं हो सकती।



### कौन हैं दीपाली घोष?

इंस्टाग्राम यूजर आराधना चटर्जी ने अपने वॉल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें 70 साल की बुजुर्ग महिला दीपाली घोष की स्टोरी है। दीपाली के पति का निधन हो चुका है और वह अकेले ही बीते 30 सालों से एक टूटा-फूटा भोजनालय चला रही हैं। उन्हें मुश्किल से दिन में 5 ग्राहक ही मिलते हैं, फिर भी उनका हौसला कम नहीं हुआ है।

### दिल को छूती है कहानी

दीपाली का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इस वीडियो ने इंटरनेट यूजर्स का दिल जीत लिया है। लोग इस वीडियो को देखकर इमोशनल हो रहे हैं और दीपाली की मदद करने की बात कह रहे हैं। लोगों का कहना है कि इस उम्र में इतनी मेहनत करना लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है, जो हार मान बैठते हैं। दीपाली की कहानी दिल को छूती है। एक 70 साल की महिला, जिसका पति नहीं है और परिवार में भी कोई नहीं है, भीख नहीं मांगती, बल्कि अपनी टूटी-फूटी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को जितना संभव हो सके, उतना खाना बनाकर खिलाती है।

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com